दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | वर्ष 54/ अंक 191/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शनिवार 08 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in








## दिल्ली के रुझानों में भाजपा को बहुमत

### आप जहां पैदा हुई, वो गढ़ हारी, पार्टी में भगदड़ मचेगी, केजरीवाल की लीडरशिप को चुनौती

### 27 साल बाद भगवा मय दिल्ली

# दिल्ली के दिल को भाया कमल

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की वापसी हो रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक, भाजपा 1 सीट जीती और 46 सीटों पर उसे बढ़त है। आम आदमी पार्टी भी एक सीट जीती है, उसे 22 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है। इस बदलाव में आप के अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली और सिसोदिया जंगपुरा सीट से चुनाव हार गए। मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट पर चुनाव जीत गई हैं। सत्येंद्र जैन, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, अमानतुल्लाह खान और अवध ओझा पीछे चल रहे हैं। इस बीच, केजरीवाल को 3182 वोट से हराने वाले भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा अमित शाह से मिलने पहुंचे। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर जश्न जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 7 बजे पार्टी हेडक्वार्टर पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं के बीच स्पीच देंगे।



## शाह से मिलने पहुंचे प्रवेश वर्मा, शाम को भाजपा मुख्यालय पहुंचेंगे पीएम मोदी



### दिल्ली में आप कार्यालय पर ताला

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के कार्यालय को बंद कर दिया गया है। यहां कार्यकर्ता अंदर नहीं जा पा रहे हैं इसलिए गहमागहमी का माहौल है। मीडिया कर्मियों को भी दफ्तर से बाहर कर दिया गया है। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया जंगपुरा सीट से 600 वोट से हार गए। उन्होंने कहा कि हमने मेहनत की, लेकिन जनता का फैसला हमारे पक्ष में नहीं आया। हम उनका फैसला स्वीकार करते हैं।



### कालकाजी विधानसभा सीट

कालकाजी सीट से आप प्रत्याशी आतिशी चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी को हराया है। बता दें कि कालकाजी सीट सबसे चर्चित सीटों में शामिल है। इस बार आम आदमी पार्टी ने कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी को टिकट दिया। वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक अलका लांबा को उतारा। इन चेहरों के कारण कालकाजी सीट एक बार फिर हॉट सीट बन गई है। वहीं भाजपा ने यहां से रमेश बिधूड़ी को टिकट दिया। कालका सीट से उम्मीदवार बनाए गए बिधूड़ी अपने बयानों की वजह से विवादों में रहते हैं।

### जंगपुरा विधानसभा सीट

जंगपुरा सीट से आप प्रत्याशी मनीष सिसोदिया हार गए हैं। भाजपा के प्रत्याशी तरविंदर सिंह मारवाह ने यहां जीत दर्ज की है। हार के बाद आम आदमी पार्टी नेता और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने कहा, ÷जंगपुरा के लोगों ने बहुत प्यार दिया लेकिन लगभग 600 वोट से हम पीछे रह गए। जो उम्मीदवार जीते हैं, हम उन्हें बधाई देते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि जंगपुरा के लोगों की समस्याओं को वे हल करेंगे।

| पार्टी | 2025 | 2020 | अंतर (+/-) |
|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 48 | 08 | +40 |
| AAP | 22 | 62 | -40 |
| कांग्रेस | 00 | 00 | 00 |

### कांग्रेस को एक भी सीट नहीं, पर वोट 2 प्रतिशत बढ़ा

भाजपा की पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले 39 सीटें बढ़ीं। वहीं, क्को 39 सीटों का नुकसान हुआ है। कांग्रेस इस बार भी खाली हाथ रही। एक भी सीट नहीं जीत सकी। भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9त्न से ज्यादा का इजाफा हुआ। वहीं, क्को 10त्न से ज्यादा का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक सीट मिलती नहीं दिख रही, लेकिन वोट शेयर 2त्न बढ़ाने में कामयाब रही।





## दिल्ली चुनाव में चला सीएम डॉ मोहन यादव का जादू

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने थामी थी दिल्ली चुनाव में 12 सीटों पर प्रचार की कमान 11 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी बढ़ रहे विजय श्री की ओर भारी मतों से चल रहे अपने प्रतिद्वंदीयो से आगे सीएम डॉ यादव के प्रचार को मिला जनता का आशीर्वाद मालवीय नगर, नफजगढ़, उत्तम नगर, विकासपुरी, नांगलोई, त्रिनगर, बादली, मुस्तफाबाद, रोहिणी, मादीपुर, हरीनगर सीटों पर दिखा सीएम डॉक्टर यादव के प्रचार का असर दिखाई दिया।

बीजेपी के दिल्ली में जीत की और अग्रसर होने पर बीजेपी नेताओं को मिठाई खिलाई। सीएम ने कहा की पार्टी के साथ पीएम मोदी का जनता के साथ जुड़ाव, बीजेपी कार्यकर्ताओं की मेहनत और देश का बदलता हुआ मिजाज सब एक दिशा में जा रहे हैं। टुकड़े-टुकड़े गैंग अपनी ओछी मानसिकता से देश और प्रदेश को वर्षो से गुमराह करती आई है। ऐसे सारे तत्वों की लगातार हार हो रही है। बीजेपी लगातार हरियाणा, महाराष्ट और दिल्ली के बाद के चुनाव भी केंद्र की तरह ही जीत रही है। एक विखंडतावाद फैलाया था, सबको गुमराह करने के लिए। यह सबक है सबको की वह अपने अंदर झांक कर देखें। आप, बाप या कांग्रेस पार्टी को सोचने की जरूरत है कि देश की जनता इन सबकी असलियत जान चुकी है। फैले हुए कीचड़ में कमल खिल रहा है इस बात का आनंद है।

### आस्था की डुबकी



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संकुल पर आस्था की डुबकी लगाई।

## वीडी ने कहा- आप-दा गई

### भोपाल प्रदेश कार्यालय में जश्न, आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

**भोपाल।** दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है, जिससे 27 साल बाद भाजपा सरकार बनाने जा रही है। रुझानों में भाजपा की जीत के संकेत मिलते ही भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल बन गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी की।



**दिल्ली की जीत पर एमपी भाजपा में जश्न-** प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा कार्यालय में ढोल-नगाड़े बजाए गए और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि दिल्ली की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा, ÷इस चुनाव में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी भाजपा पर भरोसा जताया है।÷

दिल्ली चुनाव में कई बड़े नेताओं की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए वीडी शर्मा ने कहा, ÷उन्हें तो हराया ही जाना था, क्योंकि यही लोग दिल्ली को आपदा की स्थिति में लेकर गए थे, और अब वे खुद आपदा में चले गए हैं।

### नरोत्तम ने दी दिल्ली की जनता को बधाई

पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस और आप पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी, काट की हांडी बा-बार नहीं चढ़ती, ये मोदी जी के आभामंडल और कार्यकर्ताओं की जीत है, कांग्रेस डबल अंडे के साथ दिल्ली में उपस्थित है, ये हालात पूरे देश में होंगे, दिल्ली की जनता को बधाई।

### भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल

दिल्ली में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद भोपाल के भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी।

## मिल्कीपुर में भाजपा की जीत तय, 41 हजार वोट से आगे

**लखनऊ एजेंसी।** अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 30 में से 20 राउंड की गिनती पूरी हो चुकी है, जिसमें भाजपा 50 हजार वोटों से आगे चल रही है। 17 वें राउंड तक भाजपा के चंद्रभानु पासवान को 87,328 मत और सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 45,604 मत मिले थे। भाजपा जीत की ओर अग्रसर है, जिसको देखते हुए भाजपा कार्यालय पर जश्न शुरू हो चुका है। वहीं, सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद अपने ही बूथ (इनायत नगर) से चुनाव हार गए हैं।

मिल्कीपुर में चार राउंड की गिनती पूरी होने के बाद भाजपा ने बड़ी बढ़त बना ली है। 17000 वोटों से भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान आगे चल रहे हैं। मिल्कीपुर में 30 में से 9 राउंड की गिनती पूरी हो गई है। भाजपा लगातार लीड बढ़ाए हुए है। भाजपा अब 25378 वोटों से आगे निकल गई है।13 राउंड की काउंटिंग में भाजपा जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। हर राउंड में भाजपा की सपा से लीड बढ़ रही है। भाजपा के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान 36810 वोटों से आगे चल रहे हैं।




### अपना बूथ नहीं बचा पाए सपा उम्मीदवार

मिल्कीपुर से सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद इनायत नगर का अपना ही बूथ नहीं बचा पाए। 17 राउंड की गिनती पूरी होने पर भाजपा 41,724 वोटों से आगे है। भाजपा के चंद्रभानु पासवान को 87,328 व सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 45,604 मिले हैं।

## देर रात 4 आईपीएस अफसरों के तबादले, मनीष शंकर शर्मा एडीजी रेल, साईं मनोहर एडीजी साइबर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शुक्रवार को आईपीएस सर्विस मीट शुरू होने के बीच मोहन यादव सरकार ने चार आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। शुक्रवार देर रात जारी तबादला आदेश के अनुसार ए साईं मनोहर एडीजी और ओएसडी मध्य प्रदेश भवन नई दिल्ली को भोपाल वापस बुलाया गया है। उन्हें अब एडीजी साइबर पुलिस पीएचक्यू की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इसके अलावा एडीजी पुलिस मैनुअल पीएचक्यू मनीष शंकर शर्मा को एडीजी रेल पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया है। एडीजी पुलिस मुख्यालय डीपी गुप्ता को एडीजी सामुदायिक पुलिसिंग, आरटीआई, लोक सेवा गारंटी, कोऑपरेटिव फ्रॉड और पुलिस मैनुअल की जिम्मेदारी सौंपी? गई है। तबादला आदेश में एडीजी सामुदायिक पुलिसिंग, आरटीआई और लोकसेवा गारंटी मीनाक्षी शर्मा को ओएसडी मध्य प्रदेश भवन नई दिल्ली पदस्थ किया है।

**डीपी गुप्ता को एक माह बाद नई जिम्मेदारी-** परिवहन विभाग में चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली के मामले में हटाए गए आईपीएस अफसर डीपी गुप्ता को एक माह बाद राज्य सरकार ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। पिछले माह गुप्ता को हटाने के बाद से उनके पास कोई काम नहीं था। अब उन्हें एडीजी सामुदायिक पुलिसिंग, आरटीआई, लोक सेवा गारंटी, को ऑपरेटिव फ्रॉड और पुलिस मैनुअल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## दिल्ली में भाजपा स्पष्ट बहुमत ला रही: सिंधिया

### ग्वालियर में बजट पर कहा- देश को विश्व की तीसरी बड़ी इकॉनामी बनाने का लक्ष्य

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शनिवार को केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बजट और दिल्ली विधानसभा चुनाव पर आए रुझानों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दिल्ली चुनाव परिणाम पर कहा कि मैंने दिल्ली से निकलने से पहले ही कह दिया था कि सिर्फ 12 घंटे इंतजार कीजिए हम (भाजपा) दिल्ली में स्पष्ट बहुमत ला रही है। शुरुआती रुझान में वही देखने को मिल रहा है।

वहीं संसद में पेश किए गए आम बजट की बारीकियों पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने चर्चा की है। सिंधिया ने बजट को देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला और भारत को विश्वगुरु बनाने में नींव का पत्थर साबित होने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि 2027 तक देश को विश्व की तीसरी बड़ी इकॉनामी बनाने के लक्ष्य की ओर भारत चल पड़ा है।



### बजट गरीब, अन्नदाता, महिला व युवाओं पर केन्द्रित

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार का यह बजट गरीब, अन्नदाता, महिलाओं और युवाओं पर केन्द्रित है। उन्होंने कहा कि विश्व की विकास की दर देखे तो पिछले साल ही विश्व की विकास दर 3.2 प्रतिशत थी और भारत की विकास दर 6.50 प्रतिशत थी। इस लिहाज से हम देखे तो भारत विश्व से सौ प्रतिशत अधिक की विकास दर के साथ आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में यूपीए सरकार के समय तक बैंकों में एनपीए 11.3 प्रतिशत था। आज मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण एनपीए घटकर 2.6 प्रतिशत पर आ गया है। 9 प्रतिशत की इसमें गिरावट जो देश की मजबूत आर्थिक प्रगति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्यात 600 बिलियन डालर पहुंच चुका है।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ा है, बदल रही ही सूरत

बजट पर बात करते हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा2 कि देश में पिछले एक साल में अधोसंरचना पर लगभग 11 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। जबकि यूपीए की सरकार में अधोसंरचना पर मात्र 2 लाख करोड़ का खर्च ही हुआ था। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन हो या राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण, मोदी सरकार में इन पर तेजी से कार्य हुआ है। बीते साल में 17 वंदे भारत ट्रेनें प्रारंभ हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दूरसंचार सेवाओं के विस्तार के मामले में भी भारत में तेजी से प्रगति हो रही है। हमने बहुत ही कम समय में देश के 10 हजार 900 गांवों को कवर कर लिया है। भारत में जहां मोबाइल फोन का 90 प्रतिशत तक आयात होता था आज भारत फोन के निर्यात के मामले में विश्व का अग्रणी देश बन गया है। हमारे यहां से 90 प्रतिशत देशों को अब फोन का निर्यात हो रहा है।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार की शाम इंडियन पुलिस सर्विस मीट 2025 के अंतर्गत पुलिस ऑफीसर्स मैस परिसर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए।

# भोपालवासियों को राजयोग की गहन अनुभूति कराने दो दिवसीय विशेष आयोजन



**भोपाल।** भोपालवासियों को राजयोग की गहन अनुभूति कराने एवं राजयोग के अद्भुत लाभ से अवगत कराने ख्याति प्राप्त राजयोग विशेषज्ञ राजयोगी बी. के.राजू भाई जी का दो दिवसीय प्रवास पर भोपाल आगमन हुआ। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान राजयोगी बी. के. राजू भाई 8 एवं 9 फरवरी को नर्मदापुरम रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस में प्रतिदिन प्रात: 7:30 से 2 बजे तक एवं शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित 'स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन विषय पर आयोजित कार्यक्रम में योग तपस्या के विभिन्न पहलुओं पर प्रवचन देंग।

ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस की निदेशिका बी के डॉ रीना दीदी नें बताया कि राजयोगी बी. के. राजू भाई एक वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिक हैं, आप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व-विद्यालय से बचपन से ही जुड़े हैं। सन 1960 में ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के सानिध्य में आपके घर में राजयोग गीता पाठशाला का आरंभ हुआ था। उस आध्यात्मिक वातावरण में आपका बचपन बीता एवं इसी समय आपको योगी जीवन जीने का संकल्प आया 7 सन 1971 में वे पहली बार ब्रह्माकुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू गए। वहाँ के दिव्य एवं शक्तिशाली वातावरण को देखकर उन्होंने अपनी संपूर्ण जीवन समर्पित कर सेवाये देने का संकल्प लिया। ब्रह्माकुमार राजू भाई जी विगत 52 वर्षों से माउण्ट आबू में समर्पित होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बी. के. राजू भाई जी को राजयोग के विभिन्न पहलुओं का विशेष अनुभव प्राप्त है। बी. के. राजू भाई जी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ग्रामीण सेवा प्रभाग के उपाध्यक्ष हैं।

# जनता की अपेक्षा की कसौटी पर खड़ा उतरना ही हमारा लक्ष्य: मंत्री कृष्णा गौर

## गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड 52 में एक करोड़ 20 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि जनता की अपेक्षा की कसौटी पर खड़ा उतरना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने यह बात शुक्रवार को मिसरोद के वार्ड 52 में एक करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के अवसर पर कहीं।

उन्होंने कहा कि मिसरोद मंडल की शीतल हाइट्स में पहले भी सड़क निर्माण के कार्य हो चुके हैं। अब जनता की मांग पर 19 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा भी कॉलोनीवासियों की जो भी अपेक्षा होगी, उसे हम पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस क्षेत्र की सीवेज लाइन को भी अमृत योजना फेस टू से जोड़ा जाएगा।वार्ड 52 में मिसरोद ग्राम के पीछे शीतल हाइट्स में 19 लाख रुपए की लागत से सड़क के डामरीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने रघुनाथ नगर में 12 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण के कार्य का भूमि पूजन और रोहित नगर फेस टू में 60 लाख की लागत से बनने वाली फोरलेन सीसी सड़क के निर्माण का भूमिपूजन भी किया। रोहित नगर फेस- 2 में ही 8 लाख और 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो सीसी सड़क के निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया। इस दौरान वार्ड की पार्षद श्रीमती शीला पाटीदार, मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका ठाकुर, जितेन्द्र शुक्ला, प्रताप वारे, श्रीमती अर्चना परमार, रामबाबू पाटीदार और सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि एवं रहवासी मौजूद रहे।

# खाटू श्याम मंदिर में शिखर स्थापना समारोह में शामिल हुए सबनानी



**भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के वार्ड 32 के शास्त्री नगर में स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर में आयोजित शिखर स्थापना समारोह में भक्तों की भारी भीड़ रही जय बाबा खाटू श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। सुबह से ही कलश स्थापना की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई थी, शिखर स्थापना समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी भी सम्मिलित हुए और शिखर स्थापना के शुभ अवसर पर उपस्थित जनमानस को अपनी शुभकामनाएं दी। और सभी प्रदेशवासियों के लिए बाबा खाटू श्याम से सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष व पार्षद श्रीमती आरती राजू अनेजा के साथ शास्त्री नगर महिला मंडल की महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं भजनों द्वारा बाबा खाटू श्याम की भक्ति में डूबे रहे।

# गजल सम्राट जगजीत सिंह की जयंती



**भोपाल।** आज गजल सम्राट जगजीत सिंह की जयंती है। हजारों गजलें गायी और दुनिया मे अपनी मधुर स्वर का जादू फैलाया। मेहदी हसन और गुलाम अली कुछ गजलों को गाकर प्रसिद्ध हुए पर जगजीत सिंह ने हजारों गजलें गायी और सारी दुनिया मे छा गये।

## एलएनसीटी के खिलाड़ियो ने भी बढ़ाया प्रदेश का मान




**भोपाल।** गुलमर्ग, कश्मीर में 1 से 2 फरवरी 2025 तक आइस स्टॉक स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 11वे नेशनल आइस स्टॉक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024-25 में खिलाड़ियो के शानदार प्रदर्शन की बदौलत प्रतियोगिता मे 1 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक, 3 कांस्य पदक कुल 6 पदक मध्यप्रदेश के लिए अर्जित किया।जूनियर बालिका टीम मे एलएनसीटी बीपीईएस की रेनू, हिमांशी मांडवी, बैतुल की इशिका नानकर, एवं फलक पवार ने टीम गेम में रजत पदक एंव टीम टारगेट इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया। जूनियर बालक टीम मे एलएनसीटी बीपीईएस के हर्षित जैन, भोपाल के आदेश आहिरवार, इजरूल अली, नैतिक विश्वकर्मा ने टीम डिस्टेंस में कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं यूथ बालक वर्ग टीम में बैतुल के राहिल खान, जीशान अहमद, फरदीन खान, तथा एलएनसीटी बीपीईएस के कृष्णकांत ने टीम गेम में कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं यूथ बालिका वर्ग टीम में एलएनसीटी बीसीए की अपूर्वा, अदिति तथा बीपीईएस की रेनु, हिमांशी ने टीम गेम में स्वर्ण पदक एवं टीम टारगेट में रजत पदक अर्जित किया।

# वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई ने रेडक्रॉस अस्पताल में आयोजित किया रक्तदान शिविर







**भोपाल।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश युवा इकाई के द्वारा रेड क्रॉस हॉस्पिटल में 8 फरवरी को स्वर्गीय नारायण प्रसाद गुप्ता पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन जिन्हें सभी नाना जी के नाम से जानते हैं,जिन्होंने वैश्य समाज के हितों की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए इस संगठन की स्थापना की थी ऐसे महापुरुष पूज्य नाना जी की पुण्यतिथि पर रक्त दान शिविर का कार्यक्रम तरुण गुप्ता जिला अध्यक्ष युवा इकाई के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टरों के द्वारा कैसे रक्तदान करके किसी जिंदगी बचाई जा सकती है और रक्तदान से संबंधित महत्पूर्ण जानकारी भी डाक्टरों के माध्यम दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री एवं संगठन के मुख्य संरक्षक उमा शंकर गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश गुप्ता, जिला प्रभारी वरुण गुप्ता, मीडिया प्रभारी योगेश गुप्ता ,कार्यक्रम प्रभारी मोहित गुप्ता, संभाग प्रभारी डॉ अमित गुप्ता, महामंत्री रोहित गुप्ता, अमन अग्रवाल, जातिन जैन, अंकित जैन,मोहित गुप्ता सहित अन्य समाज के पदाधिकारी एवं सहित अन्य वैश्य समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अन्य लोगो रक्तदान शिविर में रक्तदान कर समाज और राष्ट्र के प्रति अपना सहयोग प्रदान करने किया ।

# पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जन जाति अल्प संख्यक अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जन जाति अल्प संख्यक अधिवक्ता संघ प्रतिनिधि मंडल के रूप में प्रदेश के मुखिया ,मुख्य मंत्री मोहन यादव से मिला एक ज्ञापन दिया एम् पी के ओबीसी, एस सी , एस टी, अल्पसंख्यक अधिवक्ताओं के हितों के अधिकारों पर चर्चा के एक ज्ञापन दिया एवं जिला बार की ओर से लिफ्ट लगाए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया । प्रतिनिधि मंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल,संरक्षक पूर्व महापौर संघ के संरक्षक दीपचंद यादव एडवोकेट ,साजिद अली एडवोकेट ,महामंत्री लायन महेश साहू एडवोकेट कोषाध्यक्ष लालचंद भारके एडवोकेट पिछड़ा वर्ग को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में 13 प्रतिशत होल्ड को हटाने और 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाए जाने के संबंध में पिछड़ा वर्ग के अधिवक्ताओं के होती के लाभ दिलाते जाने पर चर्चा की भी ज्ञापन दिया।

# वैलेंटाइन्स डे पर प्यार और सेहत का अनोखा तोहफा, इस बार दीजिये कैलिफोर्निया आमंड्स!

**भोपाल।** भारत में वैलेंटाइन्स डे को प्यार और अपने प्रियजनों की देखभाल का प्रतीक माना जाता है। इस खास दिन पर अगर आप कोई ऐसा उपहार देना चाहते हैं, जो आपकी भावनाओं के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखे, तो कैलिफोर्निया आमंड्स से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। यह न सिर्फ स्वादिष्ट और कुरकुरे होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। इन बादामों में मौजूद पोषक तत्व न केवल संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, बल्कि यह दर्शाते भी हैं कि आप अपने अपनों की सेहत की कितनी परवाह करते हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स में 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, डाइटरी फाइबर, सेहतमंद फैट्स और प्रोटीन शामिल हैं। इन्हें किंग ऑफ नट्स भी कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। रोजाना थोड़ी मात्रा में बादाम का सेवन करने से दिल की सेहत को बढ़ावा मिलता है, वजन नियंत्रण में मदद मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों में साबित हो चुका है कि कैलिफोर्निया आमंड्स सेहत के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना बेहद आसान है और यह एक पूरी तरह से प्राकृतिक और पौष्टिक विकल्प भी हैं। इस वैलेंटाइन्स डे पर अपने प्रियजनों को स्वास्थ्य से भरपूर यह अनमोल तोहफा जरूर दें। मैक्स हेल्थकेयर की डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार ने भी इस बारे में कहा, मैं हमेशा अपने मरीजों को रोजाना के आहार में मुट्ठीभर बादाम जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह देती हूं। बादाम में 15 जरूरी पोषकत्व होते हैं, जैसे प्रोटीन और डाइटरी फाइबर, जो जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल से लड़ने में मदद करते हैं।

# स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान 13 फरवरी को

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को स्वभव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐं ने परिपत्र जारी किया है। सभी शीर्ष संस्थाओं के प्रबंध संचालक, संभाग/जिला के संयुक्त/उप/सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम जारी परिपत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग एवं संस्थाओं में कार्यालयीन नस्तियों को व्यवस्थित करना, पुराने रिकार्ड के बस्तों में संदर्भ अंकित होना, कार्यालय में इंडेक्स रजिस्टर का संधारण जिसकी मदद से पूर्ण परिसमापन, वैधानिक कार्यवाही, स्थापना आदि के विगत 10 वर्षों के विवरण तत्काल ज्ञात किये जा सकें, जैसे काम हों। साथ ही शौचालयों की सफाई एवं कार्यालयीन कक्षों में रोशनी एवं साज-सज्जा की जायें। विभाग एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यालय में एकत्रित हों।

# संयुक्त मोर्चे ने जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर की जमकर नारेबाजी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा पूर्व घोषित आंदोलन के तीसरे चरण के आंदोलन में आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की तथा सरकार को चेतावनी देते हुए प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लंबित 51 सूत्रीय मांगों पर तत्काल वार्ता के माध्यम से निराकरण कराये जाने की मांग की है। मोर्चे द्वारा जारी विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि पूर्व घोषित आंदोलन के तीसरे चरण में सभी जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पेंशनरों ने संयुक्त रूप से मिलकर प्रभावी धरना प्रदर्शन किया। जारी विज्ञप्ति मे बताया गया है कि वर्ष-2016 से बंद पदोन्नति प्रारंभ करने, लिपिकों को मंत्रालय के समान समय मान वेतनमान दिए जाने, गृह भाड़ा भत्ता सातवें वेतनमान में पुनरीक्षित करने, पेंशनरों के लिए धारा 49 समाप्त करने, लघु वेतन कर्मचारियों को ग्रेड वेतन एवं पदनाम परिवर्तित करने टैक्सी प्रथा बंद किए जाने, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किए जाने, निगम मंडल के कर्मचारियों को शासकीय सेवकों के समान लाभ दिए जाने, पुरानी पेंशन बहाल किये जाने, कार्यभारित कर्मचारियों को अवकाश नगदी कारण का लाभ दिए जाने, शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिठता प्रदान किए जाने, अनुकम्पा नियुक्ति में सी पी सी टी की अनिवार्यता को समाप्त किए जाने, सहायक ग्रेड 3 को ग्रेड पे 2400 किये जाने, पटवारियों का ग्रेड पे 2800 किये जाने, तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता घोषित किए जाने, पेंशन की पूर्ण पात्रता हेतु सेवा अवधि 33 वर्ष के स्थान पर 25 वर्ष किए जाने सहित 51 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी 55 जिला मुख्यालयों पर कलेक्टर कार्यालय के समक्ष तथा भोपाल में सतपुड़ा भवन के समक्ष धरना दिया गया।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सहस्त्र धाराओं से होगा बाबा महाकाल का रुद्र अभिषेक

**संत हिरदाराम नगर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। नुक्कड वाली माता मंदिर के पूजारी पं रवि पटेरिया ने बताया कि 26 फरवरी बुधवार शाम 6 बजे से नुक्कड वाली माता मंदिर प्रागण में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कालसर्प, पितृदोष, ग्रह शांति निवारण, पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं ग्रह बाधा शांति पूजन, सहस्त्र धाराओं द्वारा बाबा महाकाल का रुद्र अभिषेक किया जाएगा जिसमें कार्यक्रम आचार्य पंडित राजेश शर्मा, मुख्य यजमान विष्णु विश्वकर्मा, मुख्य सूत्रधार पंडित रवि पटेरिया रहेंगे एवं आयोजन समिति के सदस्य कमल मनसुखानी, भूपेन्द्र सिंह गुर्जर, रुप कुमार सोनी, विवेक नगरुरकर, रमेश किशनानी, बलराम मेहता, राजदीप खेमचंदानी, रोहित परमार, रामजी ठाकुर, पं राहुल दुबे, संदीप पाठक, पं नंदू जोशी, अनिल हुण्डेत, रानू चौहान, नवीन रामचंदानी रहेंगे। इस आयोजन में मिट्टी के शिवलिंग भी बनाया जाएगा।

# ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रीचार्ज परियोजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**अंतर्राज्यीय नदी परियोजना का अवरोध हुआ दूर, महाराष्ट्र के साथ शीघ्र होगा करार**

**मुख्यमंत्री ने परियोजना के संबंध में दोनों राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश**

**ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर कृषि भूमि का कोना-कोना करेंगे सिंचित**

**मध्यप्रदेश में एक साल में तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना पर काम जारी**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज योजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रीचार्ज परियोजना है। इस अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना का अवरोध अब दूर हो गया है तथा हम शीघ्र ही महाराष्ट्र सरकार के साथ चर्चा कर करार करने की ओर बढ़ रहे हैं। जल्द ही केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भोपाल आमंत्रित कर करार की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज एवं कन्हान उप कछार परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन दोनों ही परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं। ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन और कन्हान उप कछार में मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित कन्हान (जामघाट) बहुउद्देशीय परियोजना में मध्यप्रदेश के जल हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए महाराष्ट्र राज्य से सतत संवाद कर दोनों परियोजनाओं के?क्रियान्वयन में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में कुल 31.13 टी.एम.सी. जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश कुल 3 हजार 362 हेक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कोई गांव प्रभावित नहीं होगा अत- इसमें पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपने विकास की यात्रा में सभी सेक्टर्स में लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनकी भावना के अनुसार हम मध्यप्रदेश की नदियों का आसपास के राज्यों से सुखद और दोनों राज्यों के हितों के बंटवारे के क्रम को लगातार बनाए हुए हैं। हमारे राज्य के किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिले, पीने के पानी के साथ-साथ औद्योगीकरण के लिए भी पर्याप्त पानी दिया जा सके और राज्यों के बीच में भी हमारा सुखद और सौहार्द्र बना रहे, इस निमित्त से हम वर्षों से लंबित जल बंटवारे के मसलों को हल करते हुए इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम महाराष्ट्र के साथ नदी जल बंटवारे के मसले के निराकरण के लिए प्राथमिक चरण की चर्चा के लिए आगे बढ़े हैं। महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री की भी यही भावना है। वे भी चाहते हैं कि मध्यप्रदेश के साथ ताप्ती और कन्हान नदी की जो नदी जल परियोजनाएं वर्षों से लंबित थीं, उनके निराकरण के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के मार्गदर्शन और उनके परामर्श से इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के पूरा होने पर मध्यप्रदेश के 1 लाख 23 हजार 82 हेक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से म.प्र. के बुरहानपुर एवं खण्डवा जिले की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा की कुल चार तहसीलें लाभान्वित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसी प्रकार कन्हान उपकछार में जल उपयोगिता के लिए मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित छिंदवाड़ा कॉम्पलेक्स बहुउद्देशीय परियोजना के माध्यम से महाराष्ट्र के नागपुर शहर को भी पानी मिलेगा और हमारे छिंदवाड़ा जिले के कृषि क्षेत्र में भी पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। हम प्रदेश की एक-एक नदी के एक-एक बूंद जल का समुचित उपयोग राष्ट्र और राज्य के हित में करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिस तरह पिछले दिनों हमने पार्वती-काली सिंध-चंबल परियोजना का राजस्थान के साथ कार्य प्रारंभ किया है, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश के साथ केन-बेतवा नदी जोड़ो की बड़ी राष्ट्रीय परियोजना पर काम किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अब हमने इस तीसरी राष्ट्रीय नदी जल परियोजना के जरिए महाराष्ट्र राज्य के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। इस परियोजना से महाराष्ट्र के उत्तर क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के दक्षिण क्षेत्र के हिस्से को पर्याप्त जल उपलब्ध कराएंगे। साथ ही बल्कि नागपुर जैसे बड़े शहर में पीने के पानी की समस्या और छिंदवाड़ा जिले में भी सिंचाई जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों राज्यों के अधिकारी आपस में संवाद करेंगे और इन परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट और विधायक श्रीमती चिटनीस ने निमाड़ क्षेत्र की जीवन रेखा बदलने वाली ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना।

### ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना

ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों की संयुक्त परियोजना के रूप में प्रस्तावित है। इस योजना से मध्यप्रदेश के 1,23,082 हेक्टेयर क्षेत्र में एवं महाराष्ट्र के 2,34,706 सेक्टर में सिंचाई प्रस्तावित है. योजना में भूजल भंडारण का विस्तार किया जाएगा, जिससे प्रदेश के बुरहानपुर एवं खंडवा जिलों की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा तहसीलें लाभान्वित होंगी.

इस योजना के अंतर्गत पूर्व में पारंपरिक भंडारण हेतु 66 टीएमसी क्षमता का जल भराव बाँध प्रस्तावित किया गया था, जिससे 17 हज़ार हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रभावित हो रही थी, जिसमें वन भूमि एवं बाघ अभ्यारण की भूमि भी शामिल थी। इसके अलावा 73 गांव की लगभग 14 हजार जनसंख्या भी प्रभावित हो रही थी। अब इस अवरोध को दूर करते हुए पारंपरिक जल भंडारण के स्थान पर भूजल पुनर्भरण योजना द्वारा जल भंडारण प्रस्तावित किया गया है।

### ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में चार जल संरचनाएं प्रस्तावित हैं

**खरिया गुटीघाट बांध स्थल पर लो डायवर्सन वियर:** यह वियर दोनों राज्यों की सीमा पर मध्य प्रदेश की खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं महाराष्ट्र की अमरावती तहसील में प्रस्तावित है. इसकी जल भराव क्षमता 8.31 टीएमसी प्रस्तावित है।

**दाई तट नहर प्रथम चरण:** प्रस्तावित खरिया गुटीघाट वियर के दाएं तट से 221 किलोमीटर लंबी नहर प्रस्तावित है, जो मध्य प्रदेश में 110 किलोमीटर बनेगी. इस नहर से मध्य प्रदेश के 55 हज़ार 89 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी।

**बाई तट नहर प्रथम चरण:** प्रस्तावित खरिया गुटीघाट वियर के बाएं तट से 135.64 किलोमीटर लंबी नहर प्रस्तावित है जो मध्यप्रदेश में 100.42 किलोमीटर बनेगी। इस नहर से मध्यप्रदेश के 44 हज़ार 993 हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है।

**बाई तट नहर द्वितीय चरण:** यह नहर बाईं तट नहर प्रथम चरण के आर डी 90.89 कि मी से 14 किलोमीटर लम्बी टनल के माध्यम से प्रवाहित होगी. इसकी लंबाई 123.97 किलोमीटर होगी, जिससे केवल महाराष्ट्र के 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है1

**कन्हान उप कछार में प्रस्तावित छिंदवाड़ा कॉम्प्लेक्स बहुउद्देशीय परियोजना:** योजना की प्रशासकीय स्वीकृति राशि रुपए 5470.95 करोड़ की वर्ष 2019 में जारी की गई। इसके अंतर्गत संगम एक, संगम दो, रामघाट एवं पांढुर्णा बांध का निर्माण कार्य होगा। इसका सिंचाई क्षेत्र एक लाख 90 हजार 500 हेक्टेयर होगा। लाभान्वित विकासखंड में जुन्नारदेव, उमरेठ, छिंदवाड़ा, मोहखेड, पांढुर्णा, सोंसर एवं बिछुआ शामिल है। औद्योगिक क्षेत्र के लिए 20 मिलियन घन मीटर जल आरक्षित होगा। जल विद्युत उत्पादन 30 मेगावाट होगा।

## प्रदेश सरकार जन सुविधाओं को हर कोने हर व्यक्ति तक पहुंचाने संकल्पित: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट में आत्मनिर्भर और स्वावलंबी आदर्श ग्राम विषय पर कार्यशाला का किया शुभारंभ**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन सुविधाओं को हर कोने हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में जन सहभागिता सुनिश्चित करने में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका है और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच को साकार करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने में शासन के साथ-साथ उसे जन-जागरूकता तंत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट में आत्मनिर्भर और स्वावलंबी आदर्श ग्राम विषय पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि गांव में अब पहले से ज्यादा सुविधाएं हैं। आदर्श ग्रामों के विकास के लिए अनुकूल समय है। दीनदयाल शोध संस्थान का मार्गदर्शन और मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद का समर्पण इस दिशा में निर्णायक बदलाव ला सकता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख के आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी ग्रामों के चित्रकूट मॉडल को सम्पूर्ण प्रदेश में विस्तारित करने के उद्देश्य से दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि गांव की समृद्धि और विकास के लिये आवश्यक है कि सभी ग्रामवासियों की सम्पूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। तभी स्थायी और सतत परिणाम होंगे। उन्होंने परिषद अमले को कहा कि गांव में सिखाने नहीं सीखने के भाव से जाएं। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि नाना जी का मानना था कि कर्मठता और स्वावलंबन से ही ग्राम जीवन में बदलाव आ सकता है। नाना जी ने अपने समय की समस्त चुनौतियों को संबोधित किया है। उनका विकास मॉडल सर्वे भवंतु सुखिन: का उदघोष करता है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ.धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि परिषद की उपस्थिति अधिकांश पंचायतों में है।

## 22 लाख रुपए की वसूली के लिए राजस्व विभाग ने जल संसाधन विभाग की संपत्ति की कुर्क

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें प्रशासन द्वारा सरकारी विभाग की ही संपत्ति कुर्क की गई है। न्यायालय की अवमानना का नोटिस मिलने के बाद तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए जल संसाधन विभाग की संपत्ति कुर्क की है। अगर समय पर वेतन भुगतान की राशि प्राप्त नहीं हुई तो इस कुर्क संपत्ति की नीलामी कर राशि जुटाई जाएगी। अगर फिर भी राशि कम पड़ती है तो जल संसाधन विभाग के अन्य ऑफिस के सामान की नीलामी भी की जाएगी। दरअसल जल संसाधन विभाग के कुछ कर्मचारियों का वेतन विसंगति के चलते भुगतान लंबित चल रहा था। जिसे लेकर जल संसाधन विभाग के कर्मचारी राजकुमार भदौरिया ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इस याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 22 लाख 8 हजार 869 रुपये का भुगतान करने का निर्देश जल संसाधन विभाग को वर्ष 2023 में दिया था। लेकिन विभाग ने भुगतान नहीं किया तो याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। जिसके बाद हाइकोर्ट ने आदेश पारित करते हुए जिला कलेक्टर से भू राजस्व संहिता के अनुसार जल संसाधन विभाग की चल-अचल संपत्तियों से राशि वसूल कर आवेदक को देने के लिए निर्देशित किया गया। जिसके बाद अब राजस्व विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए जल संसाधन विभाग के भिण्ड स्थित कार्यालय की संपत्ति को कुर्क कर लिया गया है। जल संसाधन विभाग की कुर्क संपत्ति में विभिन्न कार्यालय उपकरण, फर्नीचर और अन्य चल संपत्तियां शामिल हैं। प्रशासन द्वारा वसूली की प्रक्रिया पूरी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। यदि विभाग जल्द ही बकाया राशि जमा नहीं करता है, तो राजस्व विभाग नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। नायब तहसीलदार मोहन लाल शर्मा ने बताया कि यदि बकाया राशि का भुगतान तय समय पर नहीं किया जाता है, तो कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। अगर भिण्ड कार्यालय की संपत्तियों से निर्धारित राशि वसूल नहीं हो पाती है तो जल संसाधन विभाग के गोहद एवं गोरमी में स्थित कार्यालयों की संपत्ति भी कुर्क कर नीलामी द्वारा राशि वसूली जाएगी।

## राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने की अनुशंसा की गयी है। इसी अनुक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना प्रारंभ की है। योजना के अंतर्गत महत्वाकांक्षी पायलेट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत हैण्डलूम, हैण्डीक्रॉफ्ट, माटीकला, सोलर एनर्जी, परिधान निर्माण, बाँस कला इत्यादि क्षेत्रों में रोजगारमूलक प्रशिक्षण प्रारंभ किये गये हैं।

शाजापुर जिले में कौशल विकास के लिये राज्य स्तरीय उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की गयी है। कौशल केन्द्रों के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स तैयार किये जा रहे हैं।शुजालपुर नगर का बेम्बू, सिरामिक क्षेत्र में पायलेट परियोजना में चयन किया गया है। इस क्षेत्र के 20 विद्यार्थियों को बेम्बू एण्ड केन डेव्हलपमेंट इंस्टीट्यूट त्रिपुरा के अगरतला में एक माह का प्रशिक्षण दिलाया गया है।

## अब तक 43.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी, 6.69 लाख किसानों को 9682 करोड़ का भुगतान : मंत्री राजपूत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए धान उपार्जन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 6 लाख 69 हजार किसानों से 43 लाख 52 हजार मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसके एवज में किसानों के बैंक खातों में 9682.26 करोड़ की राशि अंतरित कर दी गई है।

मंत्री राजपूत ने आश्वस्त किया कि शेष भुगतान भी जल्द ही किसानों के खातों में भेज दिया जाएगा। इससे प्रदेश के किसानों को वित्तीय स्थिरता मिलेगी और वे आगामी फसल चक्र की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकेंगे। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। धान उपार्जन की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल सके। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न नीतिगत निर्णय लिए हैं, जिससे किसानों को बिचौलियों से बचाया जा सके और उनकी आय में वृद्धि हो।खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि धान उपार्जन के तहत किए जा रहे इस भुगतान से प्रदेश के किसानों को कई तरह की आर्थिक सुविधाएं मिलेंगी। यह राशि किसानों को गेहूं, चना, मसूर, सरसों जैसी रबी फसलों की बुआई और देखभाल में सहारा देगी। कई किसान खरीफ फसल के लिए लिए गए कर्ज को चुका पाएंगे, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी। किसान इस धनराशि का उपयोग परिवार की आवश्यक जरूरतों के लिए कर सकेंगे, जिससे उनका जीवनस्तर सुधरेगा। श्री राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि धान उपार्जन का पूरा भुगतान तेजी से और पारदर्शी तरीके से किया जाए। किसानों के खातों में राशि सीधे ट्रांसफर करने से किसानों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिल रहा है। धान उपार्जन की यह प्रक्रिया सरकार की कृषि नीति की सफलता को दर्शाती है। प्रदेश के किसान इसे लेकर उत्साहित हैं और सरकार की तेजी से भुगतान करने की नीति की सराहना कर रहे हैं।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग रहेगा निवेशकों का प्रमुख आकर्षण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में सेमीकंडक्टर एक महत्वपूर्ण सेक्टर रहेगा। इसकी महत्वता को देखते हुए राज्य मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2025 को मंजूरी दी है। इस नीति के लागू होने से सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने वाले निवेशकों के बीच इस सेक्टर को लेकर उत्साह और रुचि देखी जा रही है, जिससे राज्य में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पॉलिसी से राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंड्क्टर विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित एक स्थायी ईको-सिस्टम स्थापित किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन भारत को सेमीकंडक्टर डिज़ाइन निर्माण और तकनीकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिये प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री का मानना है कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र एक क्रांति की कगार पर है। उनका लक्ष्य है कि इलेक्ट्रॉनिक और सेमीकंडक्टर्स का शत-प्रतिशत निर्माण भारत में ही किया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि सेमीकंडक्टर पॉलिसी से प्रधानमंत्री श्री मोदी के लक्ष्य की प्राप्ति में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यह पालिसी राज्य को सेमीकंडक्टर विनिर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जो घरेलू और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में मदद करेगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नेतृत्व करने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अंतर्गत निवेशकों के लिए पूंजी निवेश अनुदान (कुल निवेश का 25त्न अथवा भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो) दिया जाएगा। राज्य सरकार गैर-सरकारी अनुमोदित परियोजनाओं के लिए कंपनियों को 40 प्रतिशत (अधिकतम 150 करोड़ रुपए) तक पूंजी निवेश अनुदान देगी। यह अनुदान ब्याज 6 प्रतिशत अथवा लागू ब्याज दर (जो भी कम हो) इकाई स्थापना के बाद 5 वर्षों तक (अधिकतम 10 करोड़ रुपए) दिया जाएगा। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अंतर्गत कंपनियों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

## जीवन को आनंद उत्सव की तरह जीये : कर्मवीर शर्मा

**आनंद संस्थान में हुआ खाद्य अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मदद के भाव हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा हैं। जीवन को आनंद उत्सव की तरह जीयें और कार्य स्थल पर सकारात्मक सोच रखें। खाद्य आयुक्त श्री कर्मवीर शर्मा ने यह बात आनंद संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी कार्यशाला के समापन सत्र में कही। कार्यशाला में विभिन्न जिलों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी खाद्य विभाग श्रीमती सुकृति सिंह एवं आनंद संस्थान के निदेशक श्री प्रवीण कुमार गंगराड़े ने आनंद संस्थान की अवधारणा और संस्थान की अलग-अलग गतिविधियों के बारे में बताया। तीन दिवसीय कार्यशाला को मास्टर ट्रेनर्स ने स्वयं के जीवन में बदलाव परिवर्तन के अनुभव साझा किए। जीवन का लेखा जोखा, रिश्ते, फ्रीडम गिलास जैसी विधियों और प्रेरक वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। अल्प विराम कार्यक्रम शांत समय मौन की शक्ति का अनुभव प्रतिभागियों ने स्वयं किया। कार्यक्रम समन्वयक श्री प्रदीप मेहतो ने जीवन को बहती हुई नदी और निदेशक श्री सत्यप्रकाश आर्य ने आनंद को परिभाषित करते जीवन मूल्यों पर विस्तार से बताया।

## संपादकीय

# राहतभरा कदम

कुछ ही समय पहले संसद में पेश सालाना बजट में सरकार ने आयकर को लेकर राहत की घोषणा की थी। अब एक हफ्ते बाद रिजर्व बैंक ने रेपो रेट कम करके आम आदमी को राहत देने की एक और कोशिश की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की घोषणा की है। इस तरह अब रेपो रेट 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.25 रह गया है। सही मायनों में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने आखिरकार बहुप्रतीक्षित दर में कमी की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पिछले पांच वर्षों में कटौती की दिशा में उठाया गया पहला कदम है। जो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति को संतुलित करने की दिशा में केंद्रीय बैंक के दृष्टिकोण में आए बदलाव का संकेत भी देता है। निश्चित रूप से यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है जब देश की आर्थिक गति धीमी नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। निश्चय ही यह वर्ष 2023-24 में हासिल की गई 8.2 प्रतिशत दर से काफी कम है। अब तक केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के मकसद से रेपो दर में कटौती से बचता रहा है। दरअसल, राजनीतिक नफा-नुकसान की दृष्टि से महंगाई का मुद्दा बेहद संवेदनशील होता है। विपक्ष महंगाई बढ़ने को सतारूढ़ दल की विफलता के रूप में दर्शाने की ताक में रहता है। हालांकि, अभी भी मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के चार फीसदी के लक्षित मानक स्तर से ऊपर बनी हुई है। लेकिन धीमी पड़ती विकास दर की चुनौती को देखते हुए विकास व मुद्रास्फीति में संतुलन बनाने की कवायद की गई है। हालांकि, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी पहली नीतिगत समीक्षा में लंबे समय तक दर कटौती चक्र की अटकलों को खारिज किया है।

बहरहाल, देश के उद्योग जगत की हस्तियों ने रेपो दर में कटौती का स्वागत किया है। इसके बावजूद ऋण लेने की लागत पर इसके प्रभाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, कुछ आर्थिक मामलों के जानकार मानते हैं कि रेपो दर में कटौती बेहद कम है और इसका लाभ देर से मिलेगा। इसकी मूल वजह यह भी है कि बैंक, पहले से ही नकदी तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं। संभव है कि बैंक लोन लेने वालों को तुरंत लाभ न दें। वैसे रेपो दर में कटौती के बाद उपभोक्ताओं के ऋण की ईएमआई कम होने की उम्मीद तो जगी है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति से परे वित्तीय लेनदेन में साइबर सुरक्षा बढ़ाने के उपाय भी किए हैं। जिसमें बैंकों व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के लिये अलग डोमेन की जरूरत को महसूस किया गया है। दरअसल,इसका मकसद डिजिटल धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और ऑनलाइन बैंकिंग में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना है। निश्चित ही लगातार बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए यह अतिरिक्त सुरक्षा उपाय स्वागत योग्य ही है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अप्रैल से लागू होने वाले प्रस्तावित कड़े बैंकिंग मानदंडों को स्थगित करने की बात कही है। जो उनके पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक लचीले नियामक रुख का संकेत भी है। निश्चय ही यह कदम बैंकों के ऋण प्रवाह को बाधित किए बिना तरलता और पूंजी आवश्यकताओं के अनुकूलन के लिये अधिक समय प्रदान करता है। आज पूरी दुनिया आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। जिसके मूल में अस्थिर ऊर्जा कीमतें और ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका की आक्रामक मौद्रिक नीतियां हैं, जो नये जोखिम पैदा करती हैं। फिलहाल आरबीआई का सतर्क बदलाव वित्तीय स्थिरता को मुश्किल में डाले बिना विकास को गति देने के प्रयास को ही दर्शाता है। वहीं दूसरी ओर आम आदमी की आकांक्षा है कि उसे सस्ता होम व कार लोन मिले। जो ऋण लिया गया है उसकी ईएमआई कम हो तथा ऋण मुक्ति की अवधि कम हो सके। बहरहाल, मध्यवर्ग क्लास फील गुड की मनोदशा में है।

**जिन लोगों ने मकान, वाहन या किसी रोजगार के लिए कर्ज लिए हैं, उन्हें अधिक ब्याज चुकाना पड़ रहा था। इसलिए मांग की जा रही थी कि रेपो दर में कटौती की जाए। मगर रिजर्व बैंक इस दिशा में कदम बढ़ाने से इसलिए हिचक रहा था कि महंगाई पर काबू पाना चुनौती बना हुआ था। अब महंगाई का रुख कुछ नीचे की तरफ नजर आने लगा है। अगले वित्त वर्ष में इसके चार फीसद के आसपास रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए।**

# आखिरकार पांच साल बाद आरबीआई ने कर दी रेपो दर में कटौती

**नितीश गोस्वामी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद, रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती की है। करीब पांच वर्ष पहले चालीस आधार अंक की कटौती की गई थी, जिससे ब्याज दर चार फीसद पर पहुंच गई थी। मगर बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के मकसद से तीन वर्ष पहले थोड़े-थोड़े अंतराल पर पांच बार पच्चीस-पच्चीस आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई, जिससे ब्याज दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई। तब से यह दर इसी स्तर पर बनी हुई थी। रेपो दर ऊंची होने का असर बैंकों से लिए गए कर्ज के ब्याज पर पड़ रहा था।

जिन लोगों ने मकान, वाहन या किसी रोजगार के लिए कर्ज लिए हैं, उन्हें अधिक ब्याज चुकाना पड़ रहा था। इसलिए मांग की जा रही थी कि रेपो दर में कटौती की जाए। मगर रिजर्व बैंक इस दिशा में कदम बढ़ाने से इसलिए हिचक रहा था कि महंगाई पर काबू पाना चुनौती बना हुआ था। अब महंगाई का रुख कुछ नीचे की तरफ नजर आने लगा है। अगले वित्त वर्ष में इसके चार फीसद के आसपास रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए।




### कर्ज पर ब्याज का बोझ होगा कम

स्वाभाविक ही, रेपो दर में कटौती से मकान, वाहन आदि के लिए कर्ज पर ब्याज का बोझ कुछ कम होगा। दरअसल, केंद्रीय दर में बढ़ोतरी इसलिए की जाती है कि बाजार में पूंजी के प्रवाह को रोका जा सके, मांग घटे, ताकि महंगाई की दर नीचे उतरनी शुरू हो जाए। इसलिए रेपो दर में कटौती से बाजार में पूंजी का प्रवाह कुछ बढ़ सकेगा। इस तरह मांग भी कुछ बढ़ेगी। मगर देखने की बात है कि केवल पच्चीस आधार अंक की कटौती से बाजार में छाई सुस्ती कितनी टूट पाएगी।

दरअसल, बैंकों का कारोबार भी काफी मंद पड़ा हुआ है। इसलिए वे एकदम से रेपो दर में हुई कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है। लंबे समय से रेपो दर ऊंची रहने से लोगों ने वाहन और मकान वगैरह खरीदने से हाथ रोक रखा था, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि फिर से लोग इन क्षेत्रों की तरफ आकर्षित होंगे।

**कई मामलों में घटी प्रति व्यक्ति आय**

सबसे चिंता की बात पिछले कुछ समय से विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट बनी हुई थी। जिस विनिर्माण क्षेत्र के बल पर सकल घरेलू उत्पादन ऊंचा बना हुआ था, वह मांग घटने की वजह से तीन फीसद के आसपास सिमट गया है। तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता उत्पाद की बिक्री पर भी बुरा असर देखा जाने लगा है। ऐसे में, रेपो दर में कटौती का कुछ अच्छा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ने की उम्मीद है।

मगर, बाजार में छाई सुस्ती और मांग में कमी आने की वजह केवल ऊंची रेपो दर नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रति व्यक्ति आय में कमी है। कोरोना की बंदी के बाद बाजार तेजी से पटरी पर तो लौटा, मगर लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी नहीं हो पाई। कई मामलों में प्रति व्यक्ति आय घटी है, जबकि उसकी तुलना में महंगाई काफी बढ़ गई है। इसलिए लोगों ने अपने दैनिक उपभोग में कटौती की है। रेपो दर में कटौती से जरूर लोगों की जेब पर पड़ने वाला बोझ कुछ कम होगा, मगर पच्चीस आधार अंक की कटौती इतनी मामूली है कि वह लोगों के उपभोग व्यय के रूप में रूपांतरित हो पाएगी, कहना मुश्किल है।

## Photo of the day



सिंगापुर में वार्षिक चीनी चंद्र नव वर्ष चिंगय परेड में भाग लेते कलाकार

## आस्था

# माघ पूर्णिमा का महत्व

हिंदू धर्म में पूर्णिमा को बहुत शुभ माना जाता है। पूर्णिमा तिथि हर महीने आती है, लेकिन माघ महीने की पूर्णिमा का खास महत्व होता है। इसे माघी पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य और भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, चंद्रदेव की आराधना करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन पूजा-अर्चना और दान-पुण्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। वहीं, महाकुंभ के दौरान इस पूर्णिमा का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं माघ पूर्णिमा 2025 की तिथि, धार्मिक महत्व और स्नान-दान का शुभ मुहूर्त।



### माघ पूर्णिमा 2025 स्नान-दान शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 11 फरवरी 2025 को शाम 6 बजकर 55 मिनट से शुरू होगी और 12 फरवरी 2025 को शाम 7 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में इस साल माघ पूर्णिमा 12 फरवरी 2025 दिन बुधवार को मनाई जाएगी। वहीं, पंचांग के अनुसार, इस दिन चंद्रोदय का समय शाम 6 बजकर 32 मिनट पर है।

### माघ पूर्णिमा का महत्व

माघ पूर्णिमा माघ मास का अंतिम दिन होता है। इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और चंद्रदेव की पूजा करने का विशेष विधान है। माघ पूर्णिमा पर लोग उपवास रखते हैं और सत्यनारायण भगवान की कथा सुनते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने और दान करने से व्यक्ति को जीवन के समस्त पापों से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से संकटों से मुक्ति मिलती है। मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता भी गंगा में स्नान करने के लिए धरती पर आते हैं। इसलिए, माघ पूर्णिमा को बेहद पवित्र और अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है।

# प्लास्टिक के खतरों से निपटने का कारगर विकल्प

**डॉ. रेनू यादव**

चावल दुनियाभर में सबसे अधिक उगाया और खाया जाने वाला अनाज है। इसके प्रसंस्करण के दौरान बड़ी मात्रा में कृषि अवशेष, जैसे धान की भूसी और पराली, निकलते हैं। आमतौर पर इनका कोई विशेष उपयोग नहीं होता और कई बार किसान इन्हें जलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। दिसम्बर-जनवरी के महीनों में दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। वैज्ञानिकों ने इस कृषि कचरे का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बनाने में करना सीख लिया है, जिससे न केवल कृषि कचरे का पुनर्चक्रण होता है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे किसानों की आय भी बढ़ सकती है और उद्योगों के लिए एक नया लाभकारी अवसर उत्पन्न हो सकता है।

पारंपरिक प्लास्टिक कचरे की समस्या यह है कि यह पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता और धीरे-धीरे छोटे कणों में टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। यही माइक्रोप्लास्टिक हमारे पानी, भोजन और यहां तक कि हवा में भी मिल चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। शोध बताते हैं कि हर साल लाखों टन प्लास्टिक महासागरों में पहुंच जाता है, जिससे समुद्री जीव-जंतुओं को भारी नुकसान होता है। इसके अलावा, प्लास्टिक बनाने की प्रक्रिया में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है। पारंपरिक प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग भी पूरी तरह से प्रभावी नहीं है, क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक या तो लैंडफिल में चला जाता है या जलाए जाने पर हानिकारक गैसें उत्पन्न करता है।

बायोप्लास्टिक प्राकृतिक रूप से विघटित हो सकते हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। इन्हें जैविक स्रोतों से बनाया जाता है, जैसे मक्का, गन्ना और अब चावल। चावल से बने बायोप्लास्टिक में मुख्य रूप से स्टार्च और सेल्यूलोज का इस्तेमाल होता है। चावल के स्टार्च को कुछ प्राकृतिक पदार्थों, जैसे ग्लिसरॉल, के साथ मिलाकर एक लचीला और टिकाऊ प्लास्टिक तैयार किया जाता है।

इसके अलावा, चावल की भूसी से सेल्यूलोज निकाला जाता है, जिसे आगे की प्रक्रिया में तैयार करके मजबूत बायोप्लास्टिक बनाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने चावल के अवशेषों से पॉलीहाइड्रॉक्सीएल्केनोएट्स (पीएचए) नामक एक जैविक पॉलिमर बनाने की तकनीक विकसित की है, जो पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल है। यह पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत होता है लेकिन कुछ महीनों में ही प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाता है।

चावल-आधारित बायोप्लास्टिक का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है, जिससे यह पारंपरिक प्लास्टिक का व्यावहारिक विकल्प बन सकता है। खाद्य पैकेजिंग में, बायोप्लास्टिक से बने कंटेनर और रैपिंग मैटेरियल खाद्य उत्पादों की ताजगी बनाए रखते हैं और प्लास्टिक कचरे को कम करते हैं। कृषि क्षेत्र में, बायोडिग्रेडेबल मल्चिंग फिल्म मिट्टी की नमी बनाए रखने और खरपतवार नियंत्रण में सहायक होती है। चिकित्सा उपकरणों में, सर्जिकल सुई, खुद से पिघलने वाले टांके और दवा वितरण प्रणालियों में इसका उपयोग बढ़ रहा है। उपभोक्ता उत्पादों में, बायोडिग्रेडेबल कटलरी, डिस्पोजेबल कप और खिलौनों के निर्माण में भी बायोप्लास्टिक का उपयोग बढ़ रहा है। इसी तरह, टेक्सटाइल और फैशन उद्योग में, बायोपॉलिमर से बने जैविक कपड़े पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। थ्रीडी प्रिंटिंग में, बायोप्लास्टिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग में एक टिकाऊ विकल्प बन रहा है।

हालांकि, चावल-आधारित बायोप्लास्टिक के कई फायदे हैं, लेकिन इसे बड़े

**पाकिस्तान में रहने वाले बलोच और पश्तून पाकिस्तान से अलग होने की कोशिश में मशगूल है। बलोचिस्तान के लोगों ने इस काम के लिए बीएलए यानी बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी बना रखी है। इसी प्रकार पश्तूनों ने पाकिस्तान से निकलने के लिए टीटीपी यानी तहरीके तालिबान पाकिस्तान का गठन किया हुआ है। ये दोनों संगठन अपने स्वभाव और प्रकृति के अनुरूप ही अपना मुकाम हासिल करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करते हैं।**

# पाक कश्मीर से पहले अपना देश देखें

**राकेश दुबे**

पड़ौसी देश पाकिस्तान से आ रही खबरें ठीक नहीं है।चार दिन पहले पाकिस्तान सरकार ने सार्वजनिक छुट्टी की थी। सरकार का कहना है कि पाकिस्तान के लोगों को कश्मीर के साथ एकजुटता का प्रदर्शन करना है जो शहबाज शरीफ के अनुसार पाकिस्तान में शामिल होने के लिए तड़प रहे हैं, भारत सरकार उन्हें जबरदस्ती भारत में रखे हुए है।

इन्ही दिनों पाकिस्तान में रहने वाले बलोच और पश्तून पाकिस्तान से अलग होने की कोशिश में मशगूल है। बलोचिस्तान के लोगों ने इस काम के लिए बीएलए यानी बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी बना रखी है। इसी प्रकार पश्तूनों ने पाकिस्तान से निकलने के लिए टीटीपी यानी तहरीके तालिबान पाकिस्तान का गठन किया हुआ है। ये दोनों संगठन अपने स्वभाव और प्रकृति के अनुरूप ही अपना मुकाम हासिल करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करते हैं।

बलोचों को यह अंदेशा हो गया है कि पाकिस्तान सरकार बलोचिस्तान को परोक्ष रूप से चीन के हवाले करने जा रही है। दरअसल इस्लामाबाद ने बलूचिस्तान में गवादर बंदरगाह एक प्रकार से चीन के हवाले किया हुआ है। इसलिए उस इलाके में बलोच कम और चीनी ज्यादा दिखाई देने लगे हैं। ये चीनी सैनिक और चीनी इंजीनियर इत्यादि बलोचों से तिरस्कार से बात करते हैं। बलोच लिबरेशन आर्मी समय-स्थान देखकर पाकिस्तानी सेना पर हमला करती रहती है।



पश्तूनों के सूबे खैबर पख्तूनखवा में बलूचिस्तान के चार सरकारी कर्मचारियों की डेरा ईसमाईल खान में हत्या कर दी गई। यह माना जा रहा है कि यह टीटीपी का कारनामा है। पश्तून और बलोचों का गुस्सा पंजाबियों के खिलाफ है। पाकिस्तान में बलोच, सिंधी और पश्तून यह मान कर चलते हैं कि पाकिस्तान का अर्थ असल मायने में पंजाबी जाटों, राजपूतों और सैयदों का देश है। इनके देश में बाकी बिरादरियां मसलन सिंधी, बलोच और पश्तून दोयम दर्जे के नागरिक ही हैं। सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनखवा के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग पंजाब के लोग करते हैं और बाकी बिरादरियों का पंजाबियों द्वारा शोषण किया जाता है।

सिंधियों का 'जिए सिंध' अहिंसक है, लेकिन बलोचों और पश्तूनों का आंदोलन उनकी परंपरा के अनुसार 'बंदूक का आंदोलन' है। पहले पहल बीएलए और टीटीपी अलग-अलग आंदोलन चलाते थे। पाकिस्तान सरकार को शक है कि पिछले कुछ समय से ये दोनों आपसी तालमेल बढ़ा रहे हैं और आपसी सहयोग से ही निशाना चुनते हैं और उसे अंजाम देते हैं। पाकिस्तान की चिंता का एक दूसरा कारण भी है।

अकेले बलोचिस्तान में ही पिछले एक महीने में बलोच नौजवानों ने 24 बार अलग अलग स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की टुकडियों पर हमले किए जिनमें ग्यारह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। जहां तक हथियारों का प्रश्न है, कहा जाता है कि काबुल छोड़ते समय अमेरिकी सेना हथियारों के जो जखीरे छोड़ गई थी, उसका कुछ हिस्सा टीटीपी के हाथ भी लग गया है। अब प्रश्न उठता है कि जिस पाकिस्तान में पंजाबी जाटों, सैयदों को छोड़ कर शेष बचे सिंधी, बलोच और पश्तून भी रहना नहीं चाहते, वहां भला कश्मीरी क्या करने जाएगा? इतना ही नहीं, वहां से निकलने के लिए बलोच और पश्तून तो बंदूक लेकर पाकिस्तानी सेना से लगातार लड़ रहे हैं। वहां कश्मीरी की क्या हैसियत होगी?

बलतीस्तान का एक हिस्सा कारगिल को 1947 में ही भारतीय सेना ने छुड़ा लिया था, लेकिन उसका शेष विशाल हिस्सा पाकिस्तान सरकार के कब्जे में ही है। पाकिस्तानी सेना ने 1999 में कारगिल पर एक बार फिर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। गिलगित में से चीन सरकार सडक़ बना रही है, इसलिए वहां चीनी सैनिकों एवं अन्य चीनी कर्मियों का जमावड़ा बना रहता है। गिलगित के दरद और बलतीस्तान के बलती पाकिस्तान सरकार द्वारा किए जा रहे सौतेले व्यवहार से त्रस्त होकर पिछले कुछ वर्षों से संगठित होने लगे हैं, ऐसी सूचना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## ग्राम दलपतपुरा में गोंड समाज सहासभा के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री पटैल



दमोह ÷ प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने कहा जितने सच्चे मन से और सच्ची श्रद्धा से आप लोग काम करते हैं, आप लोग जिनसे जुड़ते हैं, दिल से जुड़ते हैं। आप लोगों पर मैं हमेशा से बड़ा विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा मेरे बड़े भाई जनपद अध्यक्ष बने थे, उस समय, जब हम उनके पास गए कि आप हमारा सहयोग करिए, वे मित्र हमसे एक बार जुड़े और जुड़ने के बाद आज 40 साल हो गए हैं उनका परिवार आज भी वैसा ही जुड़ा हुआ है, जैसा 40 साल पहले हमसे जुड़ा था। पटैल ने कहा हम भी हमेशा से उनके साथ खड़े हैं। उक्ताशय के विचार आज प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने ग्राम दलपतपुरा में गोंड समाज महासभा के आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में व्यक्त किए।

## वैश्य महिला मंडल ने मनाया बसंत पंचमी पर्व




**ओबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** महिला इकाई द्वारा बसंत पंचमी का पर्व नगर में बहुत धूम धाम से आयोजित किया गया जिसमें दीप प्रज्वलित करके सरस्वती वंदना की गई वैस्य महिलाओं द्वारा हल्दी कुमकुम किया गया। इस अवसर पर गेम खेले गए ओर विजेताओं को पुरुस्कार वितरण किया गया एवं कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया! कार्यक्रम मे वैश्य महिला इकाई जिला अध्यक्ष नमिता अग्रवाल जिला प्रभारी विद्या अग्रवाल, अनुराधा विजयवर्गीय, विमला विजयवर्गीय, सुषमा मित्तल, बबीता मित्तल, नीतू अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सपना अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, मानसी मित्तल, रानू मित्तल, अदिति, सोनिया अग्रवाल, रेणु अग्रवाल,हेमलता,कमला जैन सभी वेश्य इकाई समस्त महिला इकाई उपस्थित रही द्य

## नेगुवां में टंकी निर्माण का शिलान्यास विधायक ने किया

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा तरपेड समूह जल प्रदाय योजना अंन्तर्गत ग्राम नेगुवां में उच्चस्तरीय टंकी निर्माण का शिलान्यास छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव द्वारा किया गया। परियोजना क्रियान्वयन ईकाई छतरपुर के महाप्रबंधक एलएल तिवारी ने बताया कि 250 किलो लीटर क्षमता की इस टंकी से 734 परिवार लाभान्वित होंगे। अन्तरवर्तीय ग्राम जल संरचना के तहत टंकी निर्माण, वितरण नलिका, घरेलू नल कनेक्शन की लागत 77 लाख 90 हजार 890 रुपए आएगी। उन्होंने बताया कि तरपेड़ (छतरपुर) ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना ग्राम पंचायत नैगुवाँ में कुल 43778 परिवार शामिल हैं। योजना की स्वीकृति लागत 301.68 करोड़ रुपए है। इसकी क्रियान्वयन एजेंसी एलसीसी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद को बनाया गया है इसका कार्य 26 सितम्बर 23 को प्रारंभ हुआ था जिसका काम 25 सितम्बर तक पूरा होने की संभावना है।

## कार में ट्रक ने मारी टक्कर, 3 युवकों की मौत, तेज रफ्तार का कहर

**औबेदुल्लागंज( सं.)।** ओबेदुल्लागंज नर्मदापुरम मार्ग पर कल हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक कार में सवार थे और नर्मदापुरम की ओर जा रहे थे।दूसरी तरफ से आने वाले ट्रक से हुई टक्कर में दो युवकों ने मौके पे दम तोड़ दिया और तीसरे युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। तीनों युवक राजस्थान के नागौद के रहने वाले थे जो कि छत्तीसगढ़ जा रहे थे। कल दोपहर लगभग सवा दो बजे केरी चौका घाट पर नर्मदापुरम की ओर से आ रहे शक्कर से भरे ट्रक से कार की टक्कर हो गई। हादसे का कारण ट्रक की तेज और अनियंत्रित रफ्तार बताया जा रहा है। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।



दो युवकों का शव ओबेदुल्लागंज और एक युवक का शव ओबेदुल्लागंज में रखवाया गया है। तीनों युवकों की उम्र 25 से 30 साल के करीब है। बताया जा रहा है कि तीनों कोटा मार्बल के व्यावसायिक कार्य से छत्तीसगढ़ जा रहे थे। राजस्थान से परिजनों के आने के उपरांत ही तीनों की सटीक पहचान हो पाएगी। युवकों के नाम देवीराम, डालचंद और मुकेश है। पुलिस ने राजस्थान सूचना दे दी है साथ ही भोपाल निवासी रिश्तेदार भी पहुंच चुके हैं। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## शहर में बढ़ता ट्रैफिक और बढ़ते प्रतिष्ठानो में पार्किंग व्यवस्थित ना होना यातायात पुलिस को चुनौती से काम नहीं

**दमोह।** जहां एक और यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए बैनर पोस्टर लगाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है एवं सड़क चौराहा पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क दुर्घटना से कैसे बचे इसके बारे में समझाया जा रहा है और स्कूल एवं कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को यातायात नियम जागरूक शिविर लगाकर जानकारी दी जा रही है और जो लगातार जिले में सड़क दुर्घटनाएं हो रही है उनसें बचने के लिए लगातार यातायात पुलिस लोगों को यातायात नियम के बारे में जानकारी देकर जागरूक कर रही है लेकिन इसके बाद भी लोग समझ नहीं रहे हैं और शहर के अलग अलग मुख्य सड़क मार्गो पर यहां वहां खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने लगी है पर जिम्मेदार मौन हैं।वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण ट्रैफिक रुक जाता है परंतु इसका उपाय अब तक सामने नहीं आया।



पुराने आरटीओ बालाकोट सड़क मार्ग पर प्रतिदिन वाहन सड़क के दोनों तरफ खड़े रहते है। यहां पर निजी अस्पताल और वाहनों की एजेंसियां एवं और भी प्रतिष्ठान होने के कारण भी भीड़ बढ़ गई है, भवनों में पार्किंग दिखाई नहीं देती और सड़क के किनारे व फुटपाथ पर वाहन खड़े रहते है जो एक्सीडेंट का कारण बन सकते है। अस्पताल में प्रतिदिन मरीज और उनके परिजन आते है जो सड़क के पास गाड़ी रखकर चले जाते है और बड़े वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। लेकिन यहां पर खुली अस्पताल और खुले प्रतिष्ठान के जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं देते जिससे यहां पर जाम के हालात बनते हैं

**इनका कहना है**

आज ही हम दिखवा लेते हैं

**दलबीर सिंह मार्को** टीआई
यातायात पुलिस दमोह

## विधायक ने विभाग प्रमुखों के साथ की विकास कार्यो समीक्षा बैठक

**सिरोंज।** विधायक उमाकांत शर्मा ने शुक्रवार को सिरोंज लटेरी विकासखंड के अंतर्गत विभागों द्वारा क्षेत्र के विकास में प्रस्तावित एवं प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आयोजित बैठक में जिला एवं विकासखंडवार उपस्थित अधिकारियों से विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं परियोजना की प्रगति तथा आ रहे प्रशासनिक परेशानियों को वन टू वन अधिकारियों से सुनकर जमीनी हकीकत से भी अवगत कराया। इस दौरान मौजूद सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग का दौर है मध्यप्रदेश सरकार के मुख सचिव ने भी ई फाइलिंग के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। लटेरी एसडीएम हर्षल चौधरी तथा सिरोंज तहसीलदार संजय चौरसिया के साथ आयोजित बैठक में विधायक शर्मा ने वन टू वन बार विभागीय अधिकारियों से प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए लापरवाही पूर्ण कार्यों पर नाराजगी भी व्यक्त की। बैठक के दौरान विधायक शर्मा ने बिजली के क्षेत्र में समय पर योजनाबद्ध रूप नवीन विद्युत उप केंद्र तथा वोल्टेज संबंधी समस्या पर काम करने के लिए अधिकारियों की प्रशंसा भी की। उन्होंने लटेरी में बन रहे 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उनारसी में बन रहे सिविल अस्पताल के काम को गुणवत्तापूर्वक एवं जनता के स्वास्थ्य की दृष्टि से शीघ्रता से कराए जाने की मंशा भी जताई। बैठक में विधायक शर्मा ने नवीन तहसील भवन के लिए लटेरी रोड पर प्रस्तावित जमीन पर आपत्ति लेते हुए कहा कि वह स्थान शहर से दूर होने के साथ नागरिकों के लिए असुविधाजनक बताते हुए नवीन बन रहे



एसडीएम कार्यालय से सटी सिंचाई विभाग की भूमि पर निर्माण किए जाने निर्देश अधिकारियों को प्रदान किए।

करीब चार घंटे तक चली समीक्षा बैठक में उन्होंने वन विभाग,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,जनपद पंचायत, सेतु विकास लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,जनपद पंचायत ,नगरपालिका सहित दो दर्जन से अधिक विभागों की समीक्षा करते हुए आगामी समय में परिणाममूलक आम जनता के हितों में स्वीकृत योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण रूप से कराए जाने की आवश्यकता जताई।

## डोराबाद मुख्य मार्ग से शमशान शेड तक बनेगा सीसी रोड़, विधायक, नपाध्यक्ष एवं पार्षदों की मौजूदगी में हुआ भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

**आष्टा।** नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 1 डोराबाद स्थित शमशान घाट कच्चे मार्ग पर सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चैरसिया, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, वार्ड पार्षद डॉ. सलीम खान के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। डोराबाद मुख्य मार्ग से लेकर शमशान तक बनने वाले सीसी रोड़ का भूमिपूजन अतिथियों द्वारा पूर्ण मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने शमशान समिति के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि नगर विकास संबंधी कोई भी कार्य हो आप बिना संकोच के हमें बताए, हम आपके द्वारा बताए गए कार्य को पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे। भूमिपूजन पश्चात् शमशान समिति द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर व साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि शमशान समिति द्वारा लंबे अर्से से शमशान परिसर पर सीसीकरण एवं सीसी रोड़ निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी जो परिषद के सहयोग से अब पूर्ण हुई है और उक्त कच्चे स्थल पर शीघ्र ही सीसीकरण होगा। श्री मेवाड़ा ने कहा कि डोराबाद, पीलीखदान बस्ती एक गरीब बस्ती है यहां मजदूर भाई अपने परिवार के साथ निवास करते है। नगरपालिका द्वारा शमशान परिसर में सीसीकरण कराने से वर्षा ऋतु में होने वाली कीचड़ आदि की समस्याओं से यहां के नागरिकों को हमेशा के लिए निजात मिली है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि डोराबाद मुख्य मार्ग से लेकर शमशान शेड तक लगभग 4 लाख 82 हजार रूपये की लागत से सीसीकरण कार्य पूर्ण होगा। श्री मेवाड़ा ने कहा कि डोराबाद कॉलोनी में अन्य स्थानों पर भी सीसीकरण व सीसी रोड़ निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण होंगे।

## सेल्फ क्लिक अभियान एवं सुरक्षित क्लिक सुरक्षित जीवन के तहत पुलिस कर ही जनता को जागरूक

**सिवनी।** सिवनी पुलिस द्वारा 01 फरवरी से 11 फरवरी तक पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश के निर्देशन में चलाए जा रहे ÷सेफ क्लिक अभियान÷ के अंतर्गत साइबर अपराधों की रोकथाम और नागरिकों को जागरूक करने हेतु व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। अभियान के छठवें दिन पर अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना स्तर पर एवं जिला मुख्यालय पर एमएलबी स्कूल, पोदार स्कूल एवं शासकीय लॉ कॉलेज सिवनी में जन संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से आमजन में इंटरनेट सेवाओं के सुरक्षित उपयोग को लेकर जन जागरुकता हेतु आज दिनांक 1 फरवरी से सेफ इंटरनेट डे 11 फरवरी 2025 तक 11 दिवसीय विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम ÷सेफ क्लिक अभियान÷ प्रदेश के समस्त जिलों में प्रारंभ किया गया है। यह अभियान स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ शहरी एवम ग्रामीण अंचलों में जन जन तक साइबर अपराधों के विरुद्ध वृहद रूप से प्रचारित प्रसारित किया जावेगा।

सिवनी पुलिस द्वारा 6 फरवरी को इस अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर एवं जिले के समस्त थाना क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों, खेल संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों, पंचायत स्तर तक साइबर सुरक्षा जागरूकता पहुंचने का कार्य किया गया।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही साइबर ठगी के बारे में बताया गया कि भारतीय कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। साइबर ठगों द्वारा फर्जी ऑनलाइन निवेश, क्रिप्टो करेंसी धोखाधड़ी, फेक वर्क-फ्रॉम-होम ऑफर आदि के झांसे में न आने की सलाह दी गई। बैंकिंग फ्रॉड से बचने के लिए किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, यूपीआई पिन साझा न करने और संदिग्ध कॉल्स से सतर्क रहने की जानकारी दी गई। होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया गया।

साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल नेशनल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने और शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई। जिला सिवनी में पुलिस अधीक्षक आईपीएस सुनील मेहता के मार्गदर्शन में साइबर जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है, इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी गुरुदत्त शर्मा, महिला सुरक्षा शाखा उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप वाल्मीकि, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री पूजा पांडे, एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी,एसडीओपी बरघाट ललित गठरे, एसडीओपी केवलारी आशीष भराड़े एवं एसडीओपी घंसौर सुश्री नम्रता सोंधिया, एवम साइबर सेल प्रभारी देवेन्द्र जायसवाल द्वारा सम्पूर्ण जिला स्तर पर समस्त थाना क्षेत्रों में सेफ क्लिक अभियान को लेकर एक विशेष कार्ययोजना के तहत संचालित कराए जाने में विशेष योगदान दिया जा रहा है।

### कलेक्टर ने जिले के छात्रावास अधीक्षक व अधीक्षिकाओं की ली बैठक

## छात्रावासों व स्कूलों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**खरगोन ।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 07 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागृह में जिले के समस्त छात्रावासों के अधीक्षक एवं अधीक्षिकाओं की बैठक लेकर छात्रावासों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री प्रशांत आर्य सहित छात्रावास अधीक्षक व अधीकाएं उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल से सभी छात्रावास अधीक्षकों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं से कोई भी लेबर का कार्य नहीं कराएगा। इस तरह की शिकायत मिलने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। छात्रावासों व स्कूलों में पानी की टंकियों की समय-समय पर नियमित जांच होनी चाहिए। वाटर कूलर सभी जगह रहना चाहिए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सभी को निर्देशित किया कि सभी छात्रावासों में टीवी अनिवार्य रूप से होना चाहिए। साथ ही सभी विद्यालयों व छात्रावासों में किचन गार्डन अनिवार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित दिये जाने वाले भोजन में सब्जियों पर ज्यादा ध्यान दे और हरी सब्जियों की उपलब्धता हर जगह सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि छात्रावासों के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये है जो समय समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



कलेक्टर सुश्री मित्तल ने निर्देशित किया कि सभी छात्रावासों व स्कूलों के शोचालयों में हैंडवाश या साबुन अनिवार्य रूप से रखें। यह भी सुनिश्चित कर ले कि छात्राओं की प्रत्येक टॉयलेट में गेट अच्छा होना चाहिए और सोलर गीजर सभी जगह लग जाने चाहिए। सभी छात्रावास अधीक्षक व अधीक्षिकाएं छात्र-छात्राओं को अपने बच्चों की तरह ही देखरेख करें। किसी भी प्रकार की उन्हें कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी छात्रावास या स्कूल के कैम्पस में किसी भी प्रकार नशा न हो इसका भी ध्यान रखें।


### कार्यालय नगर परिषद सुल्तानपुर जिला रायसेन (म.प्र.)

Email-cmosultanpur@mpurban.gov.in — Ph. 9993416945

कमांक / लो.नि./98/2025 — सुल्तानपुर, दिनांकः- 05.02.2025

**निविदा सूचना**

एतद द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सुल्तानपुर को तालिका अनुसार कार्य को कराया जाना है। जिस हेतु निविदा दिनांक 20.02.2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन निविदाकारों या उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र | कार्य की समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड कं. 09 में विश्राम ग्रह रोड से पलकमती नदी तक पेवर्स ब्लाक कार्य। | 148030.00 | 2961.00 | 1000.00 | 15 दिवस |
| 2 | वार्ड कं. 01 में स्थित शिव मंदिर के चबूतरा निर्माण कार्य। | 48350.00 | 1000.00 | 1000.00 | 15 दिवस |

**नियम एवं शर्ते :-**

1. जी.एस.टी. का नियमानुसार भुगतान किया जावेगा।
2. यह संक्षिप्त सूचना है। विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोडकर लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
3. दर स्वीकति / अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास होगा।
4. टेण्डर फार्म स्टोर शाखा से निर्धारित समयसीमा में शुल्क जमा कर कय किये जा सकते है।
5. निर्माण कार्य म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आई.एस.आर. दिनांक 02.08.2021 से प्रभावशील पर कराया जावेगा।

**(श्रीमती लक्ष्मी मीणा)**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद सुल्तानपुर**

**(श्री अशोक सिंह ठाकुर)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सुल्तानपुर**


## कलेक्टर ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के दिए निर्देश

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर श्री जैसवाल ने बैठक में वन व्यवस्थापन की कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिश निर्देश दिए। 199 ग्रामों का कार्य पूर्ण हो गया है। उन ग्रामों को धारा 20 की अंतिम कार्यवाही करने राजस्व और वन अधिकारियों को समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही हरपुरा गांव की शीघ्र ही सीमा लाइन नक्शा की कार्यवाही करते हुए वन एवं राजस्व की सीमा लाइन डालने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाते हुए एसडीएम को समन्वय से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


### कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Municipal Corporation Chhindwara

Add. In front of shukla Ground. guraiya road ward no.39,Chhindwara (M.P) 480001Tel. 07162- 222346
E.Mail-commchhindwara@mpurban.gov.in

क्रमांक/6590/रा.शा./न.पा.नि./2025 — छिंदवाड़ा, दिनांक 06-02-2025

**निकाय स्वामित्व की इमलीखेड़ा चौक केन्द्रीय विद्यालय जाने वाली रोड़ में निर्माणाधीन दुकानों का अतंरण किये जाने निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि **इमलीखेड़ा चौक केन्द्रीय विद्यालय जाने वाली रोड़ में** निकाय स्वामित्व की निर्माणाधीन दुकानों का अंतरण मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल सम्पत्ति अंतरण नियम में दिये गये प्रावधान अनुरूप निर्धारित शर्तो के अधीन 30 वर्ष की लीज पर अंतरण किये जाने हेतु लम्प-सम्प दर पर ऑन लाईन निविदा बुलाई जा रही है निविदा का विस्तृत विवरण https:www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है निविदादाता जो वेबसाईट में पंजीकृत है इस निविदा में दरें प्रस्तुत कर सकते है। अंतरण से संबंधित नियम, शर्तो एवं आरक्षण से संबंधत जानकारी एवं अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है। आरक्षित दुकान में भाग लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विवरण निम्नानुार है:-

**स्थल:- इमलीखेड़ा चौक केन्द्रीय विद्यालय जाने वाली रोड़ में निर्माणाधीन दुकानें:-**

| टेण्डर क्र. | दुकान क्र. | साईज (वर्गफीट में) | निर्धारित प्रीमियम (रूपये में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपये में) | आरक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_401271 | 1 | 285 | 30,00,000 | 3,00,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401273 | 2 | 285 | 25,00,000 | 2,50,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401274 | 3 | 285 | 25,00,000 | 2,50,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401275 | 4 | 285 | 25,00,000 | 2,50,000 | 1,000 | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 2025_UAD_401276 | 5 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401277 | 6 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | विधवाओं हेतु |
| 2025_UAD_401278 | 7 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जाति वर्ग |
| 2025_UAD_401279 | 8 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जनजाति वर्ग |
| 2025_UAD_401280 | 9 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401281 | 10 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401282 | 11 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401283 | 12 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401284 | 13 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401285 | 14 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जाति वर्ग |
| 2025_UAD_401286 | 15 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनुसूचित जनजाति वर्ग |
| 2025_UAD_401287 | 16 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401288 | 17 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2025_UAD_401289 | 18 | 255 | 22,50,000 | 2,25,000 | 1,000 | अनारक्षित वर्ग |

नोटः-1. नीलामी से संबंधित अन्य नियम एवं शर्ते https://www.mptenders.gov.in एवं राजस्व शाखा में (अवकाश दिवस छोड़कर) कार्यालययीन समय में देखी जा सकती है।
2. ऑन-लाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी 22/02/25 समय सायं 05:00 बजे तक ।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**छिंदवाड़ा**

# कौन हैं मिस्ट्री मैन मोहिनी मोहन दत्ता, जिनके लिए रतन टाटा ने वसीयत में छोड़े 500 करोड़ रुपए

**मुंबई।** दिग्गज बिजनेसमैन रतन टाटा की संपत्ति का लगभग एक तिहाई हिस्सा एक ऐसे शख्स को मिल सकता है, जिसके बारे में शायद ही कोई जानता होगा. वह अपनी संपत्ति का करीब एक तिहाई हिस्सा एक मिस्ट्री मैन के लिए छोड़ गए हैं. द इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रतन टाटा ने 500 करोड़ रुपये की संपत्ति मोहिनी मोहन दत्ता के लिए छोड़ी है. मोहिनी मोहन दत्ता को रतन टाटा का करीबी माना जाता है. बता दें कि रतन टाटा का निधन 9 अक्टूबर, 2024 को हुआ था. इसके बाद से उनकी संपत्ति का बंटवारा चर्चा का विषय बना हुआ था. रतन टाटा की वसीयत में मोहिनी मोहन दत्ता के नाम का जिक्र उनके उत्तराधिकारियों के नामों में शामिल है. हालांकि यह रकम प्रोबेट से गुजरने और हाई कोर्ट के प्रमाणित करने के बाद ही उनको दी जाएगी. इस काम में कम से कम छह महीने का समय लग सकता है.

मोहिनी मोहन दत्ता जमशेदपुर बेस्ड इंटरप्रेन्योर हैं. वह स्टैलियन के को-ऑनर हैं. हालांकि बाद में वह टाटा सर्विसेज का हिस्सा बन गए. मर्जर से पहले उनके पास स्टैलियन में 80त्न हिस्सेदारी थी, जबकि टाटा इंडस्ट्रीज के पास बाकी 20त्न हिस्सेदारी थी. रतन टाटा के अंतिम संस्कार के दौरान मोहिनी मोहन दत्ता ने खुलासा किया था कि वे उनसे पहली बार जमशेदपुर में डीलर्स हॉस्टल में मिले थे. तब वह सिर्फ 24 साल के थे. वसीयत में दत्ता का नाम आने आने के बाद से लोग ये जानना चाहते हैं कि मोहिनी मोहन दत्ता



हैं कौन. क्यों कि ज्यादातर लोगों ने उनका नाम पहले सुना ही नहीं होगा. टाटा ग्रुप के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, दत्ता हमेशा कहते रहे हैं कि वह टाटा परिवार के करीबी हैं. पिछले दिनों मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा था कि रतन टाटा ने उनकी मदद की और वास्तव में उनको तैयार किया. कहा जाता है मोहिनी मोहन दत्ता टाटा ग्रुप के साथ करीब 6 दशक से जुड़े रहे. उनको कथित तौर पर दिसंबर 2024 में मुंबई में एनसीपीए में आयोजित रतन टाटा की जयंती समारोह में भी बुलाया गया था. इस कार्यक्रम में टाटा परिवार के सिर्फ करीबी सहयोगी और परिवार के सदस्य ही शामिल हुए थे, जिनमें दत्ता भी शामिल थे. फॉर्च्यून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मोहिनी मोहन दत्ता की बेटी भी टाटा ग्रुप के साथ काम कर चुकी हैं. वह साल 2015 तक ताज होटल में और फिर 2024 तक टाटा ट्रस्ट में कार्यरत रहीं.

रतन टाटा की वसीयत को उनके निधन के करीब दो हफ्ते बाद सार्वजनिक किया गया था. रतन टाटा की संपत्ति को उनके भाई, सौतेली बहनों और उनके घरेलू कर्मचारियों और उनके एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट शांतनु नायडू समेत कई अन्य लोगों के बीच बांटा गया था. रतन टाटा ने अपने पालतू डॉग की देखभाल के लिए भी रकम तय की है. वहीं टाटा सन्स की हिस्सेदारी रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को ट्रांसफर कर दी गई थी. रतन टाटा की संपत्ति में अलीबाग में एक सी साइड बंगला, जुहू में दो मंजिला घर, 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की जमा संपत्ति और टाटा सन्स में हिस्सेदारी शामिल है.

## अमेजन डाट इन के वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ प्यार का खूबसूरत इजहार, अब बस एक क्लिक दूर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेजन डाट इन पर खासतौर पर तैयार किए गए वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ प्यार के सभी रंगों का जश्न मनाएं। खूबसूरत फूलों, बेहतरीन चॉकलेट, स्टाइलिश एक्सेसरीज़, स्वादिष्ट व्यंजनों से लेकर खास पलों को यादगार बनाने के लिए दिल छू लेने वाली चीज़ों तक, आप इस स्टोर के विशाल संग्रह के साथ खरीदारी कर सकते हैं। यहां आपको कैडबरी, फेरेरो रॉशर, लिंड्ट, जीवा, बेला विटा, एमकैफीन जैसे अन्य ब्रांडों के लाखों उत्पादों के साथ खरीदारी करें। आप इन सभी प्रोडक्ट को भारत के 100 प्रतिशत सेवा योग्य पिन कोड पर अपने प्रियजनों के घर पर डिलीवर करवा सकते हैं।अमेजन डाट इन पर ताज़े फूलों की डिलीवरी के साथ प्यार के इस खूबसूरत मौसम को और भी खुशनुमा बनाएं। यहां आपको फूलों के 6000 से ज़्यादा विकल्प मिलेंगे, इसमें सदाबहार लाल गुलाब और खूबसूरत गुलदस्ते शामिल हैं। यहां आप फ्लावरऑरा, शेड्स ऑफ़ स्प्रिंग और द फ्लोरलमार्ट जैसे ब्रांड्स के 620 ऑफ़र का भी लाभ उठा सकते हैं।

## सिंजेंटा का राष्ट्रीय वैज्ञानिक सेमिनार, नेमाटोड के ख़िलाफ़ जंग में अग्रणी कदम

**इंदौर।** पहली बार, देश भर से 100 से अधिक कृषि वैज्ञानिक नेमाटोड के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय सेमिनार में एकत्र हुए। नेमाटोड्स फसलों की भारी क्षति के कारण बनते हैं, जिससे हर साल लगभग 25,000 करोड़ रुपये की आर्थिक हानि होती है। हाल ही में सिंजेंटा इंडिया द्वारा आयोजित इस सेमिनार में विशेषज्ञों ने प्रभावी नेमाटोड प्रबंधन की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि मृदा स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सके, फसल उत्पादकता बनी रहे और रसायनिक हस्तक्षेप को कम किया जा सके। वैज्ञानिकों ने सरकार के कृषि-केंद्रित बजट की सराहना करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान में अधिक निवेश और एक मजबूत अनुसंधान एवं विकास पाइपलाइन की मांग की।राष्ट्रीय सेमिनार में, विशेषज्ञों ने नेमाटोड्स के विनाशकारी प्रभाव को उजागर किया। ये सूक्ष्म कीड़े पौधों की जड़ों पर हमला कर फसल की वृद्धि को रोकते हैं, उपज को कम करते हैं और बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाते हैं।

## सोनालीका ने 2025 की शुरुआत जनवरी में 10,350 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने 2025 की एक प्रेरक शुरुआत करते हुए जनवरी25 की सर्वाधिक 10,350 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। अपनी रोमांचक यात्रा के नए चरण में कंपनी लगातार किसानों की सफलता के लिए इनोवेशन प्रदान करते हुए घरेलू बाजार में आगे बढ़ी और उद्योग के प्रदर्शन को पीछे किया। सोनालीका ने जनवरी24 में 9,769 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की थी। भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता के युग और लगातार विकसित हो रही कृषि पद्धतियों से गुजर रहा है। केंद्र सरकार के बजट में अर्थव्यवस्था के विकास इंजन के रूप में कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप ट्रैक्टर उद्योग को भी देश को आगे बढ़ाने वाली निर्णायक ताकत के रूप में रहना चाहिए। सोनालीका ट्रैक्टर उद्योग में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक किसान के पास अपने खेती को नए स्तर तक बढ़ाने के लिए ताकतवर, कुशल और विश्वसनीय कृषि मशीनरी तक पहुंच हो।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक लाईव होने वाला पहला पेमेंट्स बैंक बना

**मुंबई, एजेंसी।** ग्राहक सुरक्षा को मजबूत बनाने की एक बड़ी पहल में एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने सिस्टम को गृह मंत्रालय एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से इंडियन साईबरक्राईम कोऑर्डिनेशन सेंटर के नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल सिटिजन फाईनेंशियल साईबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के साथ इंटीग्रेट किया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक भारत में पहले चार बैंकों में से एक और पहला पेमेंट्स बैंक बन गया है, जिन्होंने यह इंटीग्रेशन स्थापित किया है। इससे फाईनेंशन फ्रॉड्स को रोकने और ग्राहकों को सुरक्षा प्रदान करने की एयरटेल पेमेंट्स बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह एडवांस्ड एपीआई इंटीग्रेशन 1930 हैल्पलाईन सहित आई4सी, नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निपटान के लिए बैंक द्वारा किए जाने वाले मैन्युअल कार्यों को ऑटोमेट कर देगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक, आई4सी और गृह मंत्रालय के बीच हाथों-हाथ जानकारी साझा हो जाने से साईबरक्राईम शिकायतों का निपटान ज्यादा तेजी से और ज्यादा लॉजिकल प्रोसेसिंग द्वारा हो सकेगा।

# 25 साल में केबीसी ने कंटेस्टेंट के साथ अमिताभ को भी दी लाइफ लाइन

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन की तरह बड़े परदे पर दूसरा एंग्री यंग मैन हुआ और न छोटे पर्दे पर उनके जैसा दूसरा सफल गेम शो होस्ट होगा। दोनों भूमिकाएं अलग-अलग हैं, पर इस शख्स ने दोनों में महारत हासिल की। साल 2000 में शुरू हुए टीवी गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने 25 साल पूरे कर लिए। किसी गेम शो ने आजतक छोटे परदे पर ये कमाल नहीं किया। पर 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) की बात अलग है। शो का फॉर्मेट अनोखा है, इसलिए दर्शकों को पसंद आना ही था, पर इस शो के एंकर अमिताभ बच्चन भी बेजोड़ हैं। उन्होंने इस शो को ऊंचाई दी और शो में उन्हें समृद्धि। 25 साल पहले जब वे इस शो से जुड़े थे, उनके सितारे गर्दिश में थे। लेकिन, उन्हें इंडस्ट्री में दोबारा स्थापित करने में 'केबीसी' का अहम रोल रहा। टीवी पर आने वाले किसी भी शो को दर्शक तभी तक याद रखते हैं, जब तक वो प्रसारित होता है। लेकिन,




कौन बनेगा करोड़पति यानी 'केबीसी' इसका अपवाद है। साल में करीब दो-ढाई महीने आने वाले इस शो का इसके चाहने वाले बाकी के दस महीने इंतजार करते हैं। ये कुछ सालों की बात नहीं है, बल्कि ये सिलसिला 25 साल से चल रहा है और साल दर साल इसका जादू दर्शकों पर ज्यादा ही असर करने लगा। ये शो के फॉर्मेट का तो प्रभाव है ही, लेकिन सबसे ज्यादा आकर्षण इसके एंकर अमिताभ बच्चन का है। किसी गेम शो का लगातार 25 साल प्रसारित होना और उसमें 24 साल एक ही एंकर का होना अपने आप में रिकॉर्ड भी है। इस शो को एक साल शाहरुख़ खान ने भी होस्ट किया, लेकिन अमिताभ बच्चन जैसा प्रभाव वे भी छोड़ सके। अमिताभ हॉट सीट पर बैठने वाले कंटेस्टेंट से 16 सवाल पूछते हैं और हर सवाल के सही जवाब पर कंटेस्टेंट को पैसे मिलते जाते हैं। शुरू में सबसे बड़ी राशि एक करोड़ रूपए थी, धीरे-धीरे यह 5 करोड़ हुई और अब 7 करोड़ हैं।

इस शो ने अमिताभ के स्टारडम को नया आयाम दिया। लेकिन, सच्चाई ये भी है कि शो से पहले बच्चन फैमिली ने उन्हें छोटे परदे पर ये शो करने से रोका था। उनसे कहा था कि ऐसा कोई गेम शो करना बड़ी गलती होगी। फिल्म के दर्शक उन्हें 70 एमएम पर देखना चाहते हैं, वे छोटी टीवी स्क्रीन पर देखेंगे, तो आपका कद कम हो जाएगा। लेकिन, बीते 25 सालों ने इस बात को गलत साबित कर दिया। खास बात यह कि इस बात का जिक्र खुद अमिताभ ने इस शो के बीच में किया। बीते सालों में समय के मुताबिक शो के फॉर्मेट में कुछ बदलाव किए गए। सवाल-जवाब के फॉर्मेट को छोड़कर इसमें बहुत कुछ जोड़ा-घटाया गया। टीआरपी और लोगों के मनोरंजन का ख्याल रखते हुए नए एंगल्स को इंट्रोड्यूस किया। लेकिन, शो ने अपनी सच्चाई को नहीं खोया। आज भी इस गेम शो का पहला फोकस सवाल-जवाब ही होता है। लाइफ-लाइन में जरूर कुछ घट-बढ़ होती रही।

## ध्रुव कंसल्टेंसी ने 9एम एफवाय25 में 32 प्रतिशत की मजबूत रेवेन्यू वृद्धि हासिल की

**मुंबई, एजेंसी।** ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (बीएसई - 541302: एनएसई - डीएचआरयूवी), भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टेंसी कंपनियों में से एक, ने क्यू3 और 9एम एफवाय25 के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए। ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती तन्वी दंडवते- औटी ने वित्तीय प्रदर्शन पर बोलते हुए कहा, हमें 0.10 का पहला डिविडेंड घोषित करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे शेयरधारक मूल्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जबकि इस तिमाही में कुछ चुनौतियाँ थीं, हम परिचालन सुधारों को बढ़ावा देने और लाभप्रदता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक प्रमुख विकास में, कंपनी ने बालाजी रेल रोड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम में पश्चिम मध्य रेलवे निर्माण संगठन द्वारा 11.05 करोड़ का जनरल कंसल्टेंसी अनुबंध प्राप्त किया है। यह अनुबंध ध्रुव कंसल्टेंसी का पहला जनरल कंसल्टेंसी अनुबंध है और रेलवे क्षेत्र में इसका अब तक का सबसे बड़ा परियोजना है।

## गोकलदास एक्सपोर्ट्स सस्टेनेबिलिटी पार्टनर के रूप में शामिल हुआ

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े वस्त्र और परिधान निर्माताओं और निर्यातकों में से एक गोकलदास एक्सपोर्ट्स ने 'भारत टेक्स 2025' में एक सस्टेनेबिलिटी पार्टनर के रूप में अपने सहयोग की घोषणा की है। 'भारत टेक्स' सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक टैक्सटाइल इवेंट में से एक है। यह साझेदारी सस्टेनेबिलिटी, जिम्मेदार विनिर्माण और वस्त्र क्षेत्र में एक सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## कोर डिजिटल लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2015 की तीसरी तिमाही में मजबूत रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** कोर डिजिटल लिमिटेड टेलीकम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और संबंधित सहायक सेवाओं के प्रमुख प्रदाता ने तीसरी तिमाही और 9 महीने के एफवाय25 के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कोर डिजिटल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रवींद्र दोशी ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम क्यू3 और 9एम एफवाय25 में मजबूत प्रदर्शन की रिपोर्ट करने के लिए प्रसन्न हैं, जो निरंतर वृद्धि की गति को दर्शाता है। एफवाय25 के पहले नौ महीनों में हमारी कुल आय 211 करोड़ तक पहुँच गई है, जो एफवाय24 के पूर्ण वर्ष की तुलना में दोगुनी है, जो हमारे मजबूत निष्पादन और बाजार में स्थिति को रेखांकित करता है। नवीन रूप से स्थापित फ्रेंकन टेलीकॉम, वोल्टर इंफ्राटेक और केडीएल रियलइंफ्रा का अधिग्रहण तीन प्रमुख वर्टिकल्स में स्पष्टता लाने के लिए किया गया था, जो कि टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर डिज़ाइन और लीजिंग, टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण (स्वामित्व) और ग्राहकों के लिए ठेके पर निर्माण (ईपीसी) हैं, क्योंकि इन वर्टिकल्स को विभिन्न प्रकार की अनुपालन आवश्यकताओं की जरूरत होती है और अक्सर निवेशकों, स्टॉक एक्सचेंज और अन्य प्राधिकरणों द्वारा इनकी भ्रमित व्याख्या की जाती है।

## बोबा भाई को अपने नए नज़रिये और मजबूत इरादों से मिली शानदार डील

**मुंबई, एजेंसी।** बेंगलुरु में रहने वाले ध्रुव कोहली एक युवा उद्यमी हैं और एक दिन बोबा टी पीने के बाद उन्हें एक ऐसे ब्रैंड का ख्याल आया जो लोगों को चाय के बहाने एक साथ ला सके। इस तरह बोबा भाई की शुरुआत हुई। यह एक ऐसा फूड ब्रैंड है जो खासकर युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बोबा भाई अपने खास बोबा टी, बर्गर और आइसक्रीम के मिश्रण के कारण बहुत जल्दी ही मशहूर हो गया और युवाओं का पसंदीदा बन गया। ध्रुव को हमेशा कुछ नया करने का शौक था और उनका लक्ष्य सिर्फ एक सफल ब्रैंड बनाना नहीं था, वह खान-पान, इनोवेशन और उद्यमिता से प्यार करने वाली एक कम्युनिटी बनाना चाहते थे। उन्हें शायद ही पता



हो कि यह सफर एक दिन उन्हें शार्क टैंक इंडिया 4 के मंच पर पहुँचा देगा। और इस मंच पर वह देश के कुछ सबसे प्रभावशाली निवेशकों के सामने अपने ब्रैंड को पिच करेंगे।

बोबा भाई को अक्टूबर 2023 में लॉन्च किया गया था। यह ब्रैंड क्लासिक बबल टी के फ्लेवर्स को एक भारतीय ट्विस्ट देता है। इनके पास स्थानीय स्वादिष्ट कोरियन-स्टाइल बर्गर्स भी हैं। बेंगलुरु में 40 से ज्यादा आउटलेट्स और एक क्लाउड किचन के साथ, यह ब्रैंड सुर्खियाँ बटोर रहा है। शार्क टैंक इंडिया 4 में ध्रुव ने बिजनेस में केवल 0.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले 50 लाख रूपये के निवेश की मांग की। उनके प्रोडक्ट्स का स्वाद चखकर शार्क्स प्रभावित हुए। शार्क अनुपम मित्तल ने तो यह भी बताया कि उनकी बेटी इस ब्रैंड की प्रशंसक रही है। हालांकि, शार्क अमन ने बर्गर्स को लेकर चिंता जाहिर की और फिर इस ब्रैंड की पेशकशों पर एक उत्साही चर्चा हुई।

## ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के दमदार नतीजों की घोषणा

**इंदौर।** भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने आज, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। इस तिमाही के वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, टीसीआई के एमडी श्री विनीत अग्रवाल ने कहा, यह मजबूत प्रदर्शन हमारे सभी उद्यमो में संतुलित वृद्धि के माध्यम से प्राप्त किया गया है। हमारे नवाचारी समधानों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करते हुए हमारे हित धारकों के लिए मूल्य वर्धन किया है। हमने एफएमसीजी और रिटेल, कृषि++, ऑटोमोटिव, इंजीनियरिंग उपकरण और ईपीआर जैसे क्षेत्रों से वेयर हाउसिंग और तापमान-नियंत्रित, 3 पीएल ग्रीन मल्टी मोडल समाधानों की मांग में वृद्धि देखी है। इसके अतिरिक्त, नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन, त्वरित-वाणिज्य और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए हमारे विविधी कृत प्रस्ताव बाजार में बढ़ते अवसरों के अनुरुप विस्तारित हुए हैं।

## सीमेंट मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन ने वित्त वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर फोकस को लेकर संतुष्टि जताई

**सतना।** सीमेंट निर्माता संघ (सीएमए) ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए 2025-26 के बजट को लेकर अपनी संतुष्टि जताई। इस बजट में भारत की आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत और दूरदर्शी योजना पेश की गई है, जिसमें ग्रामीण और शहरी विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश में बढ़ोतरी, रोजगार सृजन और लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में रणनीतिक निवेश पर जोर दिया गया है। बजट पर टिप्पणी करते हुए, श्री नीरज अखोरी, प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैख्सर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट लिमिटेड,ने कहा, सीएमए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करता है, जो कि समग्र और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। बजट भारत के विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा को और सशक्त बनाता है।

# गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप, राधिका पीरामल और केशव सूरी फाउंडेशन ने दासरा के साथ मिलकर लॉन्च



**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप (जीआईजी), राधिका पीरामल (कार्यकारी निदेशक, वीआईपी इंडस्ट्रीज और ट्रस्टी, दासरा यूके) और केशव सूरी फाउंडेशन ने दासरा के साथ मिलकर भारत के पहले समर्पित एलजीबीटीक्यूआईए+ फिलन्थ्रॉफी फंड- 'द प्राइड फंड' को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस फंड का उद्देश्य निरंतर, संरचित और धैर्यपूर्ण परोपकार के साथ फंडिंग गैप को दूर करना है, ताकि भारत के एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के लिए सार्थक ऑन-ग्राउंड बदलाव को सशक्त बनाया जा सके। एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय से जुड़े लोगों की अनुमानित संख्या 140 मिलियन से अधिक है। दासरा और गोदरेज डीईआई लैब, जो गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के भीतर और बाहर एक समावेशी ईको सिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, इस पहल के लिए एंकर पार्टनर के रूप में काम करेंगे।

## ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को बढ़ावा दिया: पॉलिसीबाजार

**ग्वालियर।** भारत के माइक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्यम , आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह 40 प्रतिशत निर्यात करते हैं और 110 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं। तेज और अधिक बेहतर इंश्योरेस कवरेज के लिए यह डिजिटल बदलाव को अपना रहे हैं। जबकि ऑनलाइन चैनलों ने बी2सी इंश्योरेंस क्षेत्र में ऑनलाइन इंश्योरेंस अपनाने को लेकर काफी वृद्धि हुई है, बी2बी क्षेत्र जो परंपरागत रूप से ऑफ़लाइन संचालित होता था, वह अब तेजी से बदल रहा है। आम धारणा के विपरीत, यह टियर 2 और टियर 3 शहर हैं जो इस बदलाव को आगे बढ़ा रहे हैं, जो न केवल भारत के महानगरों से परे जागरूकता के बढ़ते स्तर को दर्शाता है बल्कि ऑनलाइन चैनलों में विश्वास की बढ़ती भावना को भी दर्शाता है। पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस के आंकड़ों के अनुसार टियर-3 शहरों में डिजिटल इंश्योरेंस में 46 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है, इसके बाद टियर 2 शहरों में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि टियर 1 शहरों में 27 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। वडोदरा, ग्वालियर, बालाघाट, तिरुवल्लूर और रायगढ़ इन शहरों से ज्यादार एमएसएमई द्वारा इंश्योरेंस की खरीद हुई है। यह उछाल मुख्य रूप से कमर्शियल लाइन्स इंश्योरेंस द्वारा प्रेरित है, जिसमें साल-दर-साल 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वृद्धि को आगे बढ़ाने वाले उत्पादों में, वर्कमैन कंपनसेशन इंश्योरेंस प्रमुख है, इसके बाद प्रोपर्टी, मरीन और लायबिलिटी इंश्योरेंस है। विभिन्न सेक्टरों की मांग भी बाजार को आकार दे रही है।

# गांव के लिए वरदान है होम स्टे: कलेक्टर

### कलेक्टर ने किया पर्यटन ग्राम धूसावानी में 3 होम स्टे का लोकार्पण गुन्नरशाही ढोल



छिन्दवाड़ा। पर्यटन से आर्थिक विकास की बहुत संभावनाएं होती है और इससे पूरे गांव का विकास होता है। होम स्टे गांव के लिए वरदान हैं, जिससे सबका फायदा होगा। गांव को साफ रखें और पर्यटकों से बेहतर व्यवहार रखें, जिससे पूरे देश-विदेश में आपके गांव का नाम हो। उक्ताशय के विचार कलेक्टर श्री शीलेन-?द्र सिंह ने पर्यटन ग्राम धूसावानी में होम स्टे के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। यह होम स्टे मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से सतपुड़ा सेल्फ संस्था के माध्यम से बनाए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार ने हितग्राहियों को होम स्टे के कुशल संचालन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जुन्नारदेव एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर, तामिया सीईओ श्री संतोष मांडलिक, तहसीलदार श्री युवराज बालरे, डीएटीसीसी के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी, सतपुड़ा सेल्फ से अजय खोबरे, आईजीएस से सुश्री रीना साहू व सनोद नागवंशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे। पर्यटन ग्राम धूसावानी छिंदवाड़ा जिले का सातवां गांव है, जहाँ मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनवाए गए होम स्टे शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को होम स्टे लोकार्पण के साथ कलेक्टर श्री सिंह ने सभी हितग्राहियों से बात की और पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाओं और एक्टिविटी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि होम स्टे से केवल हितग्राहियों को नहीं बल्कि पूरे गांव में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो रहें हैं, जिसका सभी ग्रामीण लाभ उठाएं।

**होम स्टे परिसर से दिखता है चौरागढ़ महादेव मंदिर**

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित पर्यटन ग्राम धूसावानी में बने एक होम स्टे के परिसर से चौरागढ़ महादेव मंदिर स्पष्ट दिखाई देता है। आम के पेड़ों के बगीचे और घाटियों से घिरे इस ग्राम में झरने और ट्रैकिंग पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ बरसात और ठंड के दिनों में कोहरा बहुत रोमांचकारी होता है।

**गुन्नरशाही ढोल दल को मदद का भरोसा**

पर्यटन ग्राम धूसावानी पहुँचे कलेक्टर श्री सिंह का स्वागत गुन्नरशाही ढोल दल ने बेहतरीन प्रस्तुति के साथ किया। ढोल की थाप और घुंघरुओं की छनक के साथ होम स्टे तक पहुंचे कलेक्टर श्री सिंह ने ढोल वालों से उनके अनुभव जानें। साथ ही दल को वेशभूषा के लिए उचित मदद का भरोसा दिया।

**मौके पर बुलाया अधिकारियों को, हल की समस्या**

पर्यटन ग्राम धूसावानी में होम स्टे लोकार्पण समारोह में पहुँचे कलेक्टर श्री सिंह को ग्रामीणों ने गांव की कुछ समस्याओं से अवगत करवाया और पानी की किल्लत के बारे में भी उन्हें बताया । कलेक्टर श्री सिंह ने तुरंत ही संबंधित अधिकारियों को धूसावानी तलब किया और जल्द से जल्द सारी समस्याओं का निपटारा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि दो माह में हर घर में नल से जलआएगा।

## जुन्नारदेव ब्लाक में दो बी.ईओ कर रहे कार्य

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश शासन जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत जुन्नारदेव विकासखंड में फुल फ्लैश बीईओ का एक पद स्वीकृत किया गया है। यह पद वर्तमान में खाली है । इस पद की आड़ में दो-दो बीईओ प्रभारी बने हुए हैं । एक प्रभारी श्रीमती चंद्रकला सातनकर प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ वित्तीय दायित्वों का निर्वहन कर रही है ,,और एक प्रभारी श्री ओमप्रकाश जोशी जो कि तामिया विकासखंड के अंतर्गत ग्रामीण दूरस्थ अंचल में माध्यमिक शाला का प्रधान पाठक है इनका मूल पद माध्यमिक शाला प्रधान पाठक है । उन्होंने ग्रामीण अंचल में पढ़ाना लिखाना छोड़ कर अपने घर के पास जुगाड़ करके जुन्नारदेव विकासखंड में बीईओ का प्रशासनिक प्रभार पाकर संचालन कर रहे हैं। इस प्रकार फुल फ्लैश बीईओ की पदस्थापना के अभाव में दो-दो बीईओ कार्य कर रहे हैं जबकि एक ही बीईओ से यह कार्य संचालित हो सकता है। एक तरफ मध्य प्रदेश शासन ने आदिवासी बच्चों की विशेष शिक्षा के लिए अतिरिक्त डिपार्टमेंट जनजाति कार्य विभाग बनाया है लेकिन अधिकारी अपने स्वार्थ के लिए आदिवासी बच्चों के साथ जनजाति कार्य शिक्षा को प्रभावित कर रहे हैं । उनके शिक्षण के नाम पर लाखों का वेतन लेकर उन्हें पढ़ाना लिखाना छोड़ कर इस तरह बीईओ के पद पा लिए हैं। ओमप्रकाश जोशी प्रधान पाठक माध्यमिक शाला को अपने विकासखंड में शिक्षण कार्य के लिए जनजाति छात्र-छात्राओं एवं विभाग के हित अभिलंब मूल पद पर कार्य करने के लिए वापस किया जाए।

## आयुक्त ने नवागत सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी को सौंपे दायित्व



छिंदवाड़ा। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने कार्य सुविधा की दृष्टि से नवागत सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी को राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, अतिक्रमण, उद्यान, सौन्दर्यीकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाये यथा संबल, श्रम कर्मकार मंडल, एन0यु0एल0एम0, प्रधानमंत्री स्वनिधि, समग्र पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, समग्र केवायसी, आयुष्मान कार्ड, राशन पात्रता पर्ची, यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांगजनों से संबंधित कार्यों का दायित्व सौंपा।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 9 को



छिन्दवाड़ा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपाध्यक्ष के.एस.सेंगर ने बताया कि दिनांक 9 फरवरी2025 दिन रविवार दोपहर 12:30 बजे स्थान जनसेवा सदन भवन शिवनगर कॉलोनी पुराना पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के आगे मासिक बैठक आहूत की गयी है। जिसमें सभी सदस्यों को वर्ष 2025 की वार्षिक सदस्यता शुल्क 120/- रूपये देकर सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह है ,साथ ही पिछली जिला पेंशनर फोरम की बैठक में दिये गये प्रकरणों की समीक्षा कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। अतः सभी पेंशनर्स साथियों से अनुरोध है कि बैठक को सफल बनाने हेतु सहयोग करने का कष्ट करें।

## सर्व आदिवासी समाज की बैठक 9 को

छिन्दवाड़ा। सर्व आदिवासी समाज के संगठनों को सूचित किया जाता है कि हमारे जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.बादल भोई परानी जी का बलिदान विवस दिनांक 21/02/2025 को मनाया जाना है । कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा बनाने हेतु दिनांक 09/02/2025 दिन रविवार को समय 12 बजे से लघु वेतन कर्मचारी भवन बस स्टैण्ड के पास मोहन नगर रोड़ पर रखी गयी है। आप सभी से निवेदन है कि अपनी उपस्थिति देकर सुझाव देवें। जिससे कार्यक्रम की सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके। आदिवासी समाज प्रथम बार जिले स्तर पर बादल भोई का बलिदान दिवस मनाया जाना सुनिश्चित किया गया हैं। अतः बैठक में सभी सर्व आदिवासी समाज के समस्त संगठनों की उपस्थिति अनिवार्य हैं।

## छिंदवाड़ा में हुआ वरद का उपनयन संस्कार

**बिछुआ ।** सोलह संस्कारों में उपनयन संस्कार का विशेष महत्व होता है। महामण्डेश्वर डॉ वैभव अलोणी की मुख्य उपस्थिति में चिरंजीव वरद विशाल अलोणी का उपनयन संस्कार का छिंदवाड़ा के देव होटल में संपन्न हुआ। गणेश मंदिर बिछुआ के महंत विशाल अलोणी के सुपुत्र वरद अलोणी को उपनयन संस्कार पर चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष सोनू मांगो, गंगा प्रसाद तिवारी, विश्वनाथ ओक्टे, संदीप चौहान, इन्द्रपाल सिंह पटेल, संजय चिंचोले, राम जोशी, नेमीसिंह पटेल, प्रीतम माहोरे, उमेश साहू आदि लोगों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी।

## सांसद निधि से नगरपालिका बनाएगी 17 लाख की सड़के

अमरवाड़ा। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी की माँग पर सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा 17 लाख रुपये की सांसद निधि सड़क निर्माण हेतु नगरपालिका अमरवाड़ा को प्रदान की गई है ।वार्ड 02 के पार्षद एवम् राजस्व विभाग सभापति आरिफ़ शाह ने बताया नगरपालिका वार्ड-02 में सड़क निर्माण हेतु सांसद विवेक साहू द्वारा 17 लाख रुपये स्वीकृत किए गए है 7 स्वीकृत राशि से ईदगाह से नवदीप स्कूल तक एवम महेंद्र सराठे से शंकर राजपूत तक सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कराया जाएगा। सड़क निर्माण हेतु निधि प्रदान करने पर सांसद विवेक बंटी साहू का नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर राजस्व सभापति आरिफ़ शाह लोक निर्माण सभापति कल्पना साहू ने आभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की तृतीय किस्त का वितरण 10 को

छिन्दवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 10 फरवरी को देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त की राशि का वितरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष में कुल 6000 रूपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा, एसडीएम छिंदवाड़ा, उप संचालक कृषि, जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा को जिले के विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किये जाने, जिला/ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर बडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण करने, जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण देखन सुनने की व्यवस्था करें।

## भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव चार विधानसभा अंतर्गत आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में होंगे शामिल

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी जिला छिंदवाड़ा के यशस्वी शुभांकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के अभिनंदन कार्यक्रम दिनांक 9 एवं 10 फरवरी को पहुंचेंगे । भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव दिनांक 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे जुन्नादेव विधानसभा अंतर्गत श्रद्धा मैरिज लॉन तामिया एवं सायं 4 बजे चौरई विधानसभा अंतर्गत मिलन लॉन चांद रोड चौरई में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे । श्री यादव दिनांक 10 फरवरी को दोपहर 12 बजे अमरवाड़ा विधानसभा अंतर्गत बारात घर नगरपालिका के बाजू में एवं दोपहर 3.30 बजे परासिया विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिसर बस स्टेंड परासिया में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अभिनंदन कार्यक्रम में विधानसभा स्तर के वरिष्ठ नेतागण, वर्तमान एवं पूर्व जिला पदाधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष, नगर पालिका/ नगरपरिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, पार्षदगण, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्यगण, सरपंच, पंच, पूर्व जनप्रतिनिधिगण, बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्यगण सहित भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ सभी कार्यकर्तागण, मातृशक्ति सहित आमजन उपस्थित रहेंगे ।

## तहसील कर्मचारी ने 51 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन



अमरवाड़ा। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में दिनांक 7 फरवरी, दोपहर 2 बजेअनु विभागीय राजस्व तहसील कार्यालय, अमरवाड़ा प्रांगण में महत्वपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें 51 सूत्री मांगों जैसे सभी संवर्ग के कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन, पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षक साथियों की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने, लिपिक को मंत्रालय के समान समय मान वेतनमान एवं ग्रेड पे में सुधार किए जाने, सभी संवर्गों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कार्यलय सहायक पदनाम दिए जाने ग्रेड पे में परिवर्तन किए जाने, कोटवार, दैनिक वेतन भोगी ,स्थाई कर्मी, अंशकालीन कर्मचारी आदि को नियमितीकरण किए जाने ,लंबित महंगाई भत्ता भुगतान आदि को लेकरधरना आंदोलन में समस्त कर्मचारियों ने अपने शासकीय कार्य को छोड़कर, सम्मानजनक वेतन सुविधा पाने के लिएअमरवाड़ा तहसील कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों सदस्यों सहित अपने अधिकारों के लिए तहसील प्रांगण में धरना दिया धरना कार्यक्रम पश्चात अपनी मांगों को लेकर एसडीएम हेमकरण धुर्वे को ज्ञापन सोपा धरना कार्यक्रम मेतहसील कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ललित कुमार दुबे, सतपाल डेहरिया, रजनीश कुमार वर्मा, राम कुमार विश्वकर्मा, दीपक डोले, दुर्गेश वर्मा ,हरिशंकर ठकरिया, राम सोनी, घनश्याम सोलकिया, अरुणेश मरकाम एवं समस्त कर्मचारी गणों ने प्रदर्शन में जोर-जोर से भाग लेकर प्रदर्शन को संपन्न कराया ।

## लायन्स क्लब परासिया के आई अस्पताल की होगी कुर्की




**परासिया।** राष्टीय अंधत्मव मुक्त निवारण मिशन भारत सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए भारत देश के सभी नेत्र अस्पतालों को अति दयनीय निर्धन व्यक्तियों के आँखों के निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने होते हैं। इसी योजना के तहत लायंस क्लब का लायंस आई हॉस्पिटल एंडरिसर्च सेंटर परासिया ने विगत 5 वर्षों में 17,958 जिला छिंदवाड़ा से मोतियाबिंद के ऑपरेशन कर शासन से 3,59,16,000 (तीन करोड़ उन्नसठ लाख सोलह हजार ) रुपए ले लिए जिसमे जिले के सक्रिय समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने लायंस आई हॉस्पिटल के द्वारा किए गए निर्धनों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के ऊपर शंका जताते हुए देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव सहित देश के प्रमुख 14 विभागों में अपनी लिखित शिकायत कों दर्ज करवाया था । जिस पर लायंस आई हॉस्पिटल द्वारा किए गए 5 वर्षों के आपरेशनो की जांच सरकार द्वारा की गई। जांच में लायंस आई हॉस्पिटल के द्वारा लगाए गए बिल बाउचरो मैं 76 प्रतिशत फर्जी केश पाए गए है अर्थात शासन से 2,76,00,000/- (दो करोड़ छ्यात्तर लाख) रुपया फर्जी ढंग घोटाला करके ले लिया। जिसमें शासन के द्वारा लायंस क्लब लायंस एनजीओ संस्था लायंस आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परासिया के पिंकेश पटोरीया, पूरन राजलानी, अनिल जैन, आलोक जैन, कन्हैया राजलानी, हरिशंकर साहू, जगजीत मान के विरुद्ध 10 जनवरी 2025 को परासिया थाने में एफ.आई आर.दर्ज कर वाई गयी जिसमे आई.पी.सी. 420, 409 ,34 के तहत परासिया पुलिस द्वारा मामले कि विवेचना की जा रही है।

**कुर्की का ओदश पटवारी ने चश्पा किया** परासिया तहसीलदार मोनिका विश्वकर्मा महोदया ने दिनाक 07/02/2025 को अपने लिखित कुर्की के आदेश पत्र क्रमांक 1207/1209 पारित किया आदेश में लिखा है. मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-राजस्व की उगाही) नियम 2020 समक्ष न्यायालय तहसीलदार परासिया जिला छिन्दवाडा राप्रक 10/4-762024-25 जगल सम्पति की कुर्की का वारंट (मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की बारा 147(1) (क) के अधीन सुखदयाल यादव जमादार माल तहसील परासिया उत्तरदायित्व सौपा गया है। क्योकि अनिल जैन पुत्र गोपाल जैन (लायस आइ हास्पिटल परासिया) निवासी प्रासिया तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा ने भू राजस्व के बकाया के लेखे सलग्न अनुसुचि एक में दिए गये विवरण अनुसार रू0 20406818/ दो करोड चार लाख छ हजार आठ सो अठठारह मात्र के भुगतान में चूक की है. आपको एतद द्वारा नीच अनुसूची-2 में यथा वर्णित जगम संपत्ति को कुर्क करने तथा जब तक कि कुल देय धन राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता इस न्यायालय का आगामी आदेश होने तक उस सम्पत्ति को धारण करने का आदेश दिया जाता है आपको यह वारन्ट दिनांक 7/02/2025 को या उसके पूर्व उस दिनांक तथा रीति का जिसमें उसका निष्पादन किया गया अथवा उसका निष्पादन क्यों नहीं किया गया यह प्रमाणिकरण करते हुये पृष्ठाकन सहित वापस लोटने का भी आदेश दिया जाता है। आज पटवारी देवेंद्र साहू एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा कुर्की का आदेश लायंस आई हॉस्पिटल में चश्पा किया गया है।

# कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन



कर्मचारियों की मांगों को लेकर हुआ प्रदर्शन, मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, जिला शाखा छिंदवाड़ा के नेतृत्व में कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन के तृतीय चरण का आयोजन किया । मोर्चे के जिला अध्यक्ष सतीश गोंडाने द्वारा बताया गया है कि दिनांक 07 फरवरी 2025, समय शाम 4:30 बजे, स्थान कलेक्ट्रेट छिंदवाड़ा के सामने स्थित ग्राउंड पर यह आयोजन किया गया।कलेक्टर महोदय छिंदवाड़ा के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी मध्य प्रदेश शासन एवं माननीय मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कर्मचारियों की 51 सूत्रीय मांग का ज्ञापन जिसमें से **प्रमुख मांगें**- 1. कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र लागू किया जाए ।2. पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल किया जाए ।3. लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान ग्रेड पे दिया जाए और उनके वेतनमान में सुधार किया जाए ।4. शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान की जाए ।5. समस्त संवर्गीय कर्मचारियों के वेतनमान में सुधार किया जाए ।6. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद नाम और वेतनमान में सुधार किया जाए। 7. कोटवार, अंशकालीन कर्मचारी, अस्थाई कर्मचारी, हैंडपंप टेक्नीशियन, संविदा कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मचारी और वन विभाग के कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। कोटवार एवं अंशकालीन चतुर्थ श्रेणी वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए ।8. शासन द्वारा लंबित महंगाई भत्ते का शीघ्र भुगतान किया जाए ।9. मकान भाड़ा समेत अन्य सुविधाओं को लागू करने के लिए शासनादेश जारी किया जाए ।के संबंध में निवेदन किया गया एवं मांगों को निराकरण के लिए शीघ्र शासन आदेश जारी किए जाने का अनुरोध किया गया प्रांतीय निकाय के निर्देश अनुसार छिंदवाड़ा जिले के कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री जी मध्य प्रदेश शासन को अपनी अनुशंसा सहित भेजने का कष्ट करें

## जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से मारपीट तोड़फोड़

### पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार




**जुन्नारदेव (छिंदवाड़ा)।** बीती रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में एक गंभीर घटना घटी, जब मरीज के परिजनों ने डॉक्टर से मारपीट कर अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी। इस घटना के बाद अस्पताल में हंगामा मच गया और डॉक्टरों ने सुरक्षा की मांग करते हुए काम बंद करने की चेतावनी दी।

**क्या है मामला-** जानकारी के अनुसार, एक मरीज के इलाज को लेकर नाराज 10-15 परिजनों ने डॉक्टर अमनदीप के साथ मारपीट की और अस्पताल में तोड़फोड़ की। जैसे ही घटना की सूचना मिली, एसडीओपी राजेश बंजारे और थाना प्रभारी राकेश बघेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस की कार्रवाई पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 8-10 अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी दीपक सिकरवार और धीरज सिकरवार को नामजद किया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

डॉक्टरों ने दी काम बंद करने की चेतावनी घटना के बाद डॉक्टरों में आक्रोश है और उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। अगर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो डॉक्टरों ने काम बंद करने की चेतावनी दी है।

**डॉक्टर अमनदीप (घायल डॉक्टर)**-हम अस्पताल में मरीजों की सेवा कर रहे हैं, लेकिन जब हमारी ही सुरक्षा नहीं होगी, तो हम कैसे काम करेंगे? हम दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।

हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस की टीमें लगातार जांच में जुटी हुई हैं और जल्द ही बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी संभव है।

एसडीओपी राजेश बंजारे

## समय पर नहीं पहुंचे भाजपा नेता प्राचार्य ने कर दिया साईकिल वितरण

छिन्दवाड़ा। भाजपा के नेता ना केवल शासकीय कर्मचारियों का बल्कि शासकीय संस्थानों का भी भाजपाकरण करने में जुटे हैं। तामिया के शासकीय महाविद्यालय में प्राध्यापक को राजनीतिक पद देने के बाद तामिया के सीएम राइज स्कूल में आयोजित साइकिल वितरण के कार्यक्रम में घण्टों देरी से पहुंचे भाजपा के नेता स्कूल प्राचार्य पर धौंस जमाते हैं। उक्त उदगार आज जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि गत दिवस तामिया के सीएम राइज स्कूल में साइकिल वितरण का कार्यक्रम दोपहर 01 बजे था जिसमें भाजपा के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था, भाजपा के नेताओं का बच्चों ने घण्टों इंतजार किया लेकिन वे नहीं पहुंचे जिसके चलते उन्हें साइकिल का वितरण कर दिया गया। घण्टों बाद जब भाजपा की जनपद अध्यक्ष श्रीमती तोसा परतेती, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण वाजपेयी व जनपद सदस्य जगदीश उइके पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले स्कूल प्राचार्य पर धौंस जमाते हुए कहा कि उनकी अनुपस्थिति में कार्यक्रम क्यों किया। यही नहीं सत्ता के नशे में चूर भाजपाई नेताओं ने प्राचार्य को तत्काल पद से हटाने की धमकी भी दे डाली।जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में अजय ठाकुर ने कहा कि भाजपा के नेता शासकीय कर्मचारियों के साथ ही अब शासकीय कार्यालयों का भी भाजपाकरण करना चाहते हैं। कर्मचारियों पर दबाव बनाकर व धौंस देकर उन्हें नियम विरुद्ध कार्य करने के लिए कहा जा रहा है। श्री ठाकुर ने अंत में कहा कि भाजपा के द्वारा किए जा रहे इन कृत्यों की एनएसयूआई खुला विरोध करती है और समय रहते सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## वन्य प्राणियों के हमलों से किसानों और खेतिहर मजदूरों के जीवन की सुरक्षा की जाये: किसान कांग्रेस

### किसानों को फसल नुकसानी से भी मिलेगा छुटकारा

**छिंदवाड़ा।** वन्य प्राणियों के हमलों से किसानों और खेतिहर मजदूरों के घायल होने की घटनायें निरंतर हो रही हैं, विशेषकर अमरवाड़ा, चौरई और छिंदवाड़ा वन परिक्षेत्रों में ऐसी घटनायें प्रकाश में आयी हैं । किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि समस्त जिले में ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाकर किसानों और खेतिहर मजदूरों को घायल होने से बचाने के लिये वन क्षेत्रों से लगे ग्रामों में सुरक्षा के उपाय किये जाने चाहिये । इन सभी स्थानों पर फेंसिंग कार्य, बाड़ इत्यादि लगाकर वन्य प्राणियों को आबादी वाले इलाके में घुसने से रोका जा सकता है, इससे किसान, खेतिहर मजदूर भी सुरक्षित रहेंगे और किसानों की कृषि फसलों को नुकसानी से छुटकारा भी मिलेगा । घायलों को त्वरित रूप से इलाज की व्यवस्था एवं मुआवजा राशि तुरंत दी जानी चाहिये । जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने इसे किसान व मजदूर हित में जरूरी बताया है । जिला किसान कांग्रेस ने वन्य प्राणियों के हमलों से किसानों और खेतिहर मजदूरों के जीवन सुरक्षा के लिये आवश्यक उपाय किये जाने हेतु मुख्य वन संरक्षक, वन वृत, छिंदवाड़ा, जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा एवं वनमण्डलाधिकारी पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण सामान्य वनमण्डलों को ज्ञापन प्रेषित किया है ।

## कांग्रेस ने घोषित की शहर के पांच उप ब्लॉक की कार्यकारिणी

### पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण व मध्य भाग में किया विभाजित

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार छिन्दवाड़ा शहर को कांग्रेस ने पांच भागों में विभाजित करने के साथ ही कार्यकारिणी भी घोषित कर दी है जिसमें अध्यक्ष व कार्य. अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। शीघ्र ही शहर कांग्रेस व छिन्दवाड़ा शहर के उप ब्लॉकों की कार्यकारिणी का विस्तार किया जावेगा।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार घोषित कार्यकारिणी में मनोनीत समस्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।शहर कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में कार्य. अध्यक्ष पद पर बबला पटेल, अरविंद पटेल व नदीम अहम को शहर कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में कार्य. अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।पूर्व उपब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में अध्यक्ष पद पर जसपाल सिंह नैयर व कार्य. अध्यक्ष पद राजेश चौधरी, शैलेष ठाकुर एवं राजेश सोनी मनोनीत किए गए हैं।पश्चिम उपब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में अध्यक्ष तरूण कराड़े व कार्य. अध्यक्ष हेमबाबू सिंह, आशीष कुमरे व मयंक गजभिये को कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।उत्तर उपब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में अध्यक्ष सचिन वानखेड़े व कार्य. अध्यक्ष सरला श्रीवास्तव एवं अशफाक खान मनोनीत किए गए हैं।दक्षिण उप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में अध्यक्ष शैलेष पाटनकर व कार्य. अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल एवं सुमित चांद नियुक्त किए गए।मध्य उप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में अध्यक्ष बृजेश टिंकू राय व कार्य. अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा एवं विनय राजपूत मनोनीत किए गए हैं।समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कु.रोशनी ने प्राप्त किये 150 में से 150 अंक, जिले का बढ़ाया गौरव

### ओलंपियाड प्रतियोगिता में प्राथमिक कक्षा के 14 एवं माध्यमिक कक्षा के 18 विद्यार्थी हुये चयनित

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के मार्गदर्शन में जिले के 11 विकासखण्ड में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा 22 एवं 23 जनवरी 2025 को ओ.एम.आर. शीट के माध्यम से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 6336 चयनित परीक्षार्थियों (प्राथमिक वर्ग के 2772 एवं माध्यमिक वर्ग के 3564) शामिल हुये, जिसमें छिन्दवाडा जिले से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा-2 के 3, कक्षा-3 के 3, कक्षा-4 के 4 एवं कक्षा-5 के 4 इस प्रकार कुल 14 प्राथमिक वर्ग के एवं कक्षा-6 के 6, कक्षा-7 के 6 एवं कक्षा-8 के 6 इस प्रकार माध्यमिक वर्ग के 18 विद्यार्थी चयनित हुये। अब यह कुल 32 विद्यार्थी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में विकासखण्ड मोहखेड की माध्यमिक वर्ग में कक्षा आठवी की कु.रोशनी तुमड़ाम हाईस्कूल चारगांव कर्बल में कुल 150 में से 150 अंक प्राप्त कर जिले को गौरान्वित किया है।

### साधना सिंह- शिवराज सिंह चौहान के द्वार पर हर्ष-उल्लास

# जैत दुल्हन की तरह सजा



सुल्तानपुर- केन्द्रीय मंत्री के पुत्रों का मंगलमय परिणय विदिषा सांसदीय क्षेत्र के सा ंसद केन्द्रीय कृषि किसाान कल्याण व ग्रामीण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्रों कार्तिकेय चौहान व कुणाल चौहान के मंगल परिणय के शुभ अवसर पर विदिशा सांसदीय क्षेत्र ही नहीं आपितु मध्यप्रदेश में हर्ष-उल्लास का वातावरण है, पॉव-पॉव वाले भैया षिवराज सिंह चौहान की राजनीतिक शुरूआत पैदल चलकर कडे परिश्रम से प्रारम्भ हुई। स्व. सुन्दरलाल पटवा कहा करते थे जिस सभा में षिवराज सिंह का संबो धन न हो वो सभा फीकी रहती है विदिषा सांसद रहते हुये सामूहिक विवाह कर अपने अंदर जो माता-बहनों के प्रति दर्द दिल में हिलोरे ले रहे थे उसको साकार रूप मध्य प्रदेष के मुख्यम ंत्री रहते हुये मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना को लागू करके दिखा दिया। इतना ही नहीं सार्थी के रूप में साधना सिंह जैसी लगनषील,जुझारू धर्मपत्नी ने माननीय षिवराज सिंह चौहान जो गति प्रदान की वो किसी से छिपी नहीं है, हजारों अधिकारीयों व कर्मचारीयों ने माननीय के मुख से निकले हुये शब्द को धरातल पर उतार दिया उसका उदाहरण - विषैले जीव-जन्तुओं द्वारा का आकस्मिक मृत्यु पर शासन द्वारा सहयोग राषि आज भी दी जा रही है। माता-बहनों के प्रति अपने सम्मान को लाडली बहना योजना करके विपक्ष को हाषिये पर जा दिया इस यो जना को कुछ प्रदेषों मे ं लागू करके देख भी लिया परंतु भारत सरकार के लाडले मंत्री माननीय षिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय चौहान व कुणाल चौहान मंगलमय परिणय पर आज मंगलमय घड़ी उनकी दहलीज पर आई है। साधना सिंह व केन्द्रीय मंत्री षिवराज सिंह जी चौहान की यह बहूओ ं नहीं अपितु यह बेटियां ही है। मध्यप्रदेष के मुख्यमंत्री रहते हुये हजारों योजनाओं का क्रियान्वयन का शोभाग्य षिवराज सिंह जी चौहान के नाम से जुड़ा हुआ है।

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर भोपाल में जश्न






























